Website: www.winews.in | Email: winews.in@gmail.com | दिल्ली, नोएडा,हापुड़, फरीदाबाद, मोदीनगर, मेरठ, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, रूड़की, हरिद्वार, देहरादून, मुरादाबाद, बुलंदशहर, अलीगढ़ मथुरा, आगरा,राजस्थान, पंजाब, बहराइच,रामपुर, लखनऊ, काशीपुर, देवबन्द में प्रसारित

दैनिक गाजियाबाद से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

# वेलकम इंडिया

माँ चंद्रघंटा

नये भारत की नई सोच

RNI NO. UPHIN/2018/76874

माँ चंद्रघंटा

वर्ष: 6 अंक: 263 | बुधवार, 24 सितंबर -2025 (गाजियाबाद) | पेज-8 | मूल्य-एक रुपया

## उत्तर प्रदेश में उड़द व तूर की सारी उपज की होगी खरीदारी



**नई दिल्ली।** केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि खरीफ 2025-26 सीजन में उत्तर प्रदेश और गुजरात में दलहन-तिलहन की व्यापक खरीद की जाएगी। खासतौर पर उत्तर प्रदेश में उड़द और तूर की पूरी उपज सरकार खरीदेगी। किसानों के हित में पारदर्शी और डिजिटल प्रक्रिया से ही खरीद की जाएगी, ताकि उन्हें अधिकतम लाभ मिले और बिचौलियों की कोई भूमिका न रहे। दोनों राज्यों में 13,890 करोड़ रुपये से अधिक की उपज खरीदी जाएगी।शिवराज ने मंगलवार को हुई वर्चुअल बैठक में दोनों राज्यों के कृषि मंत्रियों सूर्यप्रताप शाही और राघवजी पटेल के साथ समीक्षा की। बैठक में कृषि सचिव डा. देवेश चतुर्वेदी और वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद रहे। कृषि मंत्री ने निर्देश दिया कि खरीद केंद्रों पर आधार आधारित बायोमेट्रिक या चेहरे से प्रमाणीकरण और पीओएस मशीनें अनिवार्य रूप से लगाई जाएं। इससे सुनिश्चित होगा कि केवल वास्तविक किसान ही उपज बेच सकें। उन्होंने कहा कि खरीफ 2025-26 में उत्तर प्रदेश में उड़द के 2.27 लाख टन की शत-प्रतिशत खरीद होगी, जिसकी कीमत लगभग 1777 करोड़ रुपये होगी।

## हरित ऊर्जा परियोजनाओं के लिए फंड जुटाने पर विमर्श



**नई दिल्ली।** फरवरी, 2025 में मुंबई में एक प्रेस कांफ्रेस में नवीन व नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री प्रह्लाद जोशी ने कहा था कि वर्ष 2030 तक पांच लाख मेगावाट क्षमता की बिजली क्षमता जोड़ने की राह में सबसे बड़ी अड़चन वित्त संसाधनों का इंतजाम करना है। छह महीने बीतने के बावजूद यह समस्या जस की तस है। मंत्रालय ने इस समस्या के समाधान के लिए देश के प्रमुख बैंकों, गैर बैंकिग वित्तीय कंपनियों (एनबीएफसी) व दूसरे वित्तीय संस्थानों के अधिकारियों के साथ बैठक की है। इसमें वित्तीय संस्थानों की तरफ से कई सुझाव आए हैं जिसको लागू करने का आश्वासन दिया है। इसमें एक सुझाव यह भी है कि नवीकरणी ऊर्जा परियोजनाओं की परिभाषा को बदला जाए। परिभाषा में बदलाव से हाइब्रिड और स्टोरेज प्रोजेक्ट्स को अधिक फंड मिलने का रास्ता साफ करेगा।

## पीएम मोदी ने फिर की आयुष्मान भारत की तारीफ

# बोले- इस योजना ने सार्वजनिक स्वास्थ्य सेवा में क्रांति ला दी

**नई दिल्ली।**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि 2018 में आज ही के दिन शुरू की गई आयुष्मान भारत योजना सार्वजनिक स्वास्थ्य सेवा में क्रांतिकारी साबित हुई है और इसके लाभार्थियों के लिए वित्तीय सुरक्षा व सम्मान सुनिश्चित हुआ है।

इस चिकित्सा बीमा योजना के तहत पांच लाख रुपये का वार्षिक स्वास्थ्य कवर प्रदान किया जाता है और गरीब व 70 वर्ष से अधिक आयु के सभी वरिष्ठ नागरिक इस योजना का लाभ उठा सकते हैं। पीएम मोदी ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि आज आयुष्मान भारत के सात वर्ष पूरे हो गए हैं। यह एक ऐसी पहल थी जिसमें भविष्य की जरूरतों का अनुमान लगाकर लोगों के लिए उच्च गुणवत्ता के साथ-साथ किफायती स्वास्थ्य सेवा सुनिश्चित करने पर ध्यान केंद्रित किया गया। इसके कारण भारत सार्वजनिक स्वास्थ्य सेवा में क्रांति

**55**

करोड़ से ज्यादा नागरिक शामिल हैं और यह दुनिया की सबसे बड़ी स्वास्थ्य बीमा योजना है।

देख रहा है। इसने वित्तीय सुरक्षा और सम्मान सुनिश्चित किया है।

उन्होंने आगे कहा कि भारत ने दिखाया है कि कैसे पैमाना, करुणा और तकनीक मानव सशक्तिकरण को आगे बढ़ा सकते हैं। इस प्रमुख कल्याणकारी पहल में 55 करोड़ से ज्यादा नागरिक शामिल हैं और यह दुनिया की सबसे बड़ी स्वास्थ्य बीमा योजना है।



## चंबा में आपदा पीड़ितों को मिलेगी राहत, 404.45 करोड़ रुपये का प्रपोजल पारित



**चंबा।**

जिला चंबा में बीते दिनों तेज वर्षा के कारण आई आपदा से प्रभावितों के जख्मों पर मरहम लगाने को लेकर प्रक्रिया तेज हो गई है।

जिला मुख्यालय चंबा स्थित बचत भवन में आयोजित जिला परिषद की अंतिम बैठक में 404.45 करोड़ रुपये का प्रपोजल पारित कर इसे प्रशासन के माध्यम से सरकार को भेजने का निर्णय लिया। वर्ष 2025 का आपातकालीन मनरेगा का शेल्फ जिला विकास अधिकारी कार्यालय से प्राप्त हुआ तथा सदन की ओर से इसे अनुमोदित किया गया। इससे आपदा के समय जिला चंबा के सातों विकास खंडों में लोगों के नुकसान को देखते हुए राहत सामग्री प्रदान करने, सहायता राशि समय पर प्रदान करने सहित अन्य नुकसान की भरपाई करने से संबंधित कार्य करवाना मुख्य रहा। इस प्रस्ताव में विकास खंडों की ओर से सारी स्कीमें डाल दी गई हैं।

## केरल में छापेमारी के दौरान 36 लक्जरी कारें जब्त

**कोच्चि।**

सीमा शुल्क विभाग के अधिकारियों ने मंगलवार को केरल के विभिन्न स्थानों पर छापे मारकर भूटान से अवैध रूप से लाई गए लक्जरी कारों को जब्त किया। इन पर सेना और अमेरिकी दूतावास के फर्जी दस्तावेज थे। कस्टम्स प्रिवेंटिव कमिश्नर टी तिजु ने बताया कि लगभग 30 स्थानों पर छापे मारे गए। इनमें फिल्मी सितारों पृथ्वीराज सुकुमारन, दुलकर सलमान और अमित चक्कलक्कल के आवास भी शामिल थे। इस दौरान 36 लक्जरी कारें जब्त की गईं। उन्होंने बताया कि "ऑपरेशन नुमखोर" के तहत ये



कार्रवाई की गईं। कई कारें अवैध रूप से भारत में लाकर बेची गई थीं। इनका इस्तेमाल सोने और नशीले पदार्थों की तस्करी के लिए भी किया गया। उन्होंने कहा- "यदि वे इस तरह से कारें, सोना और नशीले पदार्थ की तस्करी कर सकते हैं तो वे कुछ भी ला सकते हैं। इसलिए, यह देश की राष्ट्रीय और आर्थिक सुरक्षा के लिए एक बड़ा खतरा है।"

## सुप्रीम कोर्ट ने दिया आदेश

# अंसल बंधुओं के 60 करोड़ से तैयार ट्रामा सेंटरों का दौरा करे 'उपहारकांड पीड़ित संघ

**नई दिल्ली।**

सुप्रीम कोर्ट ने उपहार त्रासदी पीड़ितों के संघ (एवीयूटी) से कहा कि वे 1997 के अग्निकांड पीड़ितों की याद में अंसल बंधुओं की दी गई 60 करोड़ रुपये की रकम से तैयार ट्रामा सेंटरों का दौरा करें। न्यायमूर्ति सूर्य कांत, उज्ज्वल भूइयां और एन कोटिश्वर सिंह की पीठ ने एवीयूटी की तरफ से पेश हुए वरिष्ठ वकील जयंत मेहता से कहा कि संघ के किसी सदस्य से कहें कि दिल्ली सरकार के दावे की पुष्टि के लिए इन ट्रामा सेंटरों का दौरा करे। पीठ ने कहा कि बार-बार उपहार कांड के पीड़ितों के जख्म हरे करना उचित नहीं है और इस विवाद को अब सम्मानजनक तरीके से बंद कर देना चाहिए। शीर्ष अदालत की कार्रवाई पर अमल से असंतुष्ट एवीयूटी ने शिकायत की थी कि 2015 में सुप्रीम कोर्ट ने आदेश का अनुपालन नहीं किया गया और दरअसल, आरोपितों को बगैर अंजाम भुगते बख्श दिया गया। मेहता ने कहा कि ऐसा लगता है कि दोषियों (गोपाल अंसल और सुशील अंसल) ने अदालत की छूट का नाजायज फायदा



उठाया है और 60 करोड़ रुपये ब्लैकहोल में चले गए। अदालत ने दिल्ली विद्युत बोर्ड को ट्रामा सेंटर निर्माण के लिए पांच एकड़ जमीन उपलब्ध कराने को कहा था, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। पीठ ने दिल्ली सरकार की तरफ से पेश अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल अर्चना पाठक दवे से पूछा कि अंसल भाइयों ने 60 करोड़ रुपये दिए या नहीं। इस पर दवे ने हां में जवाब दिया और कहा कि इस पैसे को संजय गांधी मेमोरियल अस्पताल- मंगोलपुरी, सत्यवादी राजा हरिशचंद्र अस्पताल- नरेला और सिरसापुर अस्पताल में इस्तेमाल किया गया। मेहता ने कहा कि वह दिल्ली सरकार द्वारा इन अस्पतालों और ट्रामा सेंटरों के निर्माण का खंडन नहीं कर रहे हैं और अपने लोगों के लिए ऐसी सुविधाओं का निर्माण करना राज्य का कर्तव्य है, लेकिन सवाल 60 करोड़ रुपये से अधिक का है। इस पर न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने कहा कि दिल्ली में अस्पताल बनाने और उसके संचालन के लिए 60 करोड़ रुपये बेहद कम हैं और कहा कि दिल्ली सरकार ने इस पैसे में और फंड जोड़कर तीन अस्पतालों में ट्रामा सेंटर फैसिलिटी विकसित कराई है।

## निकल ही नहीं रहा कोलकाता की सड़कों पर भरा पानी




**कोलकाता।**

दुगार्पूजा की बेला में आफत बनकर आई बारिश ने मंगलवार को कोलकाता व आसपास के कई जिलों में सामान्य जनजीवन को पूरी तरह अस्त-व्यस्त कर दिया है। बिजली के खंभों से बारिश के पानी में फैली बिजली की चपेट में आने से 10 लोगों की मौत हो गई। मृतकों में से आठ कोलकाता के हैं। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने घटना पर दुख जताते हुए कोलकाता व आसपास बिजली की

### बारिश की आफत ने 10 लोगों की ले ली जान

आपूर्ति करने वाली कंपनी सीईएससी को मृतकों के स्वजनों को पांच लाख रुपये का मुआवजा व परिवार के एक सदस्य को नौकरी देने को कहा है। मुख्यमंत्री ने कोलकाता में जलजमाव के लिए केंद्र को जिम्मेदार ठहराते हुए कहा कि डीवीसी व फरक्का बराजों की जल भंडारण क्षमता नहीं बढ़ाई जा रही बल्कि उसका पानी बंगाल में छोड़ दिया जा रहा है, जिससे हुगली नदी का जलस्तर बढ़ गया है। सोमवार रात 11.30 बजे से मंगलवार सुबह 8.30 बजे तक हुई मूसलधार बारिश से कोलकाता, हावड़ा, हुगली, उत्तर व दक्षिण 24 परगना जिलों के अधिकांश इलाके जलमग्न हो गए हैं। बारिश का सड़क यातायात, ट्रेन, विमान सेवाओं और यहां तक कि मेट्रो पर व्यापक असर पड़ा है।

## अगले महीने शुरू होगा सबसे बड़ा ड्रोन अभ्यास



**नई दिल्ली।**

सशस्त्र सेनाओं का बड़ा एकीकृत अभ्यास 6 से 10 अक्टूबर के बीच मध्य प्रदेश में होने जा रहा है। हेडक्वार्टर्स इंटिग्रेटेड डिफेंस स्टाफ (एचक्यू आइडीएस) की तरफ से कोल्ड स्टार्ट नाम के इस अभ्यास में ड्रोन और काउंटर ड्रोन सिस्टम का गहन परीक्षण किया जाएगा। ऑपरेशन सिंदूर के बाद सबसे बड़ा अभ्यास माना जा रहा है।

इसका मकसद देश की मौजूदा हवाई रक्षा क्षमताओं के प्रभाव को आंकना और उसकी खामियों को ठीक करना है। एयर डिफेंस सिस्टम पर एक सम्मेलन में इंटीग्रेटेड डिफेंस स्टाफ (ओपीएस) के डिप्टी चीफ एयर मार्शल राकेश सिन्हा ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर से तमाम सबक मिले और हमें अपने दुश्मन की सैन्य सोच और योजना से आगे रहने की जरूरत है। उन्होंने बताया कि इस अभ्यास में तीनों सेनाओं के अलावा उद्योग भागीदार, अनुसंधान और विकास संगठन और शैक्षणिक संस्थान भी शामिल होंगे। हमारा लक्ष्य बेजोड़ एयर डिफेंस सिस्टम और काउंटर यूएएस (अनमैन्ड एरियल सिस्टम) बनाने का है।

## मराठवाड़ा में भारी बारिश से हाहाकार, अब आठ लोगों की मौत

**मुंबई।**

महाराष्ट्र के मराठवाड़ा क्षेत्र में पिछले चार दिनों में हुई भारी बारिश के कारण आठ लोगों की मौत हो गई, जबकि सैकड़ों घर क्षतिग्रस्त हो गए हैं। मंगलवार को राज्य मंत्रिमंडल की बैठक के बाद मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा है कि सरकार किसानों और अन्य लोगों को राहत प्रदान करने के लिए आवश्यक कदम उठा रही है। मुख्यमंत्री ने पत्रकारों को बताया कि धाराशिव जिले में 750 से अधिक मकान और 33,000 हेक्टेयर से अधिक भूमि पर लगी फसलें नष्ट हो गई हैं। बाढ़ में फंसे हुए लोगों को बचाने के लिए हेलीकॉप्टर और नौकाओं की मदद ली जा रही है।

बता दें कि मराठवाड़ा के विभिन्न क्षेत्रों में 20 सितंबर से लगातार बारिश हो रही है, जिससे बांध उफनाने के कारण बाढ़ की स्थिति उत्पन्न हो गई है। एक राजस्व अधिकारी ने बताया कि 20 सितंबर से अब तक आठ लोगों की मौत हो चुकी है, जिनमें लातूर में तीन, बीड में दो और छत्रपति संभाजीनगर, नांदेड़ और धाराशिव में एक-एक व्यक्ति की मौत बिजली गिरने, डूबने और अन्य कारणों से हुई है।

छत्रपति संभाजीनगर में एक सड़क और दो स्कूल क्षतिग्रस्त हो गए, जबकि जालना और बीड में तीन पुल प्रभावित हुए। बाढ़ के कारण पाँच छोटे बांध भी क्षतिग्रस्त हो गए हैं।



## संपादक की कलम से

### कलस्टर प्लानिंग की अवधारणा



ललित शर्मा
संपादक

कलस्टर प्लानिंग के जरिए हिमाचल अपनी शिक्षा पद्धति को एक नई सूरत, ऊर्जा, अनुभव तथा जवाबदेही से पुष्ट करने की मंशा रखता है। स्कूली शिक्षा के शिखर पर एक निदेशालय की प्रस्तुति में अनेक शिक्षण संस्थाओं को एक ही सूत्र में पिरोने के लिए आइंदा सीनियर सेकेंडरी स्कूलों को कलस्टर के मुखिया के तौर पर व्यवस्थित करने का काम अगर पूरा होगा तो 1988 के करीब जमा दो स्कूलों के तहत सारे हाई, मिडल और प्राइमरी स्कूल नई परिपाटी बनाएंगे। इस तरह विभिन्न स्तरों पर फैले 12166 स्कूल, 1988 जमा दो स्कूलों के प्रिंसीपलों के अंतर्गत प्रबंधन की एक नई पहल आजमाएंगे। व्यवस्था को नजदीक से देखने और पारंगत करने के लिए, पर्वतीय राज्य की प्लानिंग में कलस्टर की अवधारणा एक भविष्यगामी कदम होगा और इस तरह के प्रयोग हर विभाग में होने चाहिएं। प्रशासनिक और प्रबंधकीय शक्तियों का विकेंद्रीकरण यूं तो सहज प्रक्रिया का एक हिस्सा हो सकता है, लेकिन हिमाचल में निजी क्षेत्र के मुकाबले कार्यों की दक्षता में बिखराव को रोकने की जरूरत है। यह इसलिए भी कि कद से बड़ा ढांचा हमने बना दिया, लेकिन उपयोगिता के मानदंड तय नहीं हुए। अब यहां सवाल दो सौ स्कूल को सीबीएसई से जोड? का भी है। हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड के कर्मचारी संगठन इस तजुर्बे को हकीकत में आने से पहले मीन मेख निकाल रहे हैं, जबकि यह व्यस्थागत प्रश्न है और शिक्षा की अधोसंरचना का बेहतर इस्तेमाल भी। शहरी सरकारी स्कूल अगर दिल्ली-चंडीगढ़ के आचरण में सीबीएसई के उत्कृष्ट प्रांगण हो जाएं, तो यह युग बदलने का संकल्प है और प्रतिस्पर्धा में खड़े होने का एक मुकाम भी। यानी सरकारी स्कूलों में एक कलस्टर हिमाचल स्कूल शिक्षा बोर्ड, दूसरा सीबीएसई के अधीन तो तीसरा आईसीएसई के तहत भी बांटा जा सकता है। शिक्षा में कलस्टर सिस्टम की अवधारणा को चिकित्सा क्षेत्र में भी पारंगत करना होगा ताकि विशेषज्ञता और दक्षता को प्रमाणित करते संस्थान भी एक संघटन की तरह काम करें। मसलन मेडिकल कालेजों की परिधि या क्षेत्रीय एवं जोनल अस्पतालों के कलस्टर में सारे छोटे-बड़े अस्पताल एक सूत्र में चिकित्सा सेवाओं की कर्मठता, दक्षता तथा क्षमता का विस्तार कर सकें। कलस्टर और रैफरल सिस्टम में अंतर है। रैफरल सिस्टम ने अस्पतालों की हैसियत को मेडिकल कालेजों की कार्यप्रणाली के तहत ध्वस्त करने का जरिया बना दिया, जबकि कलस्टर सिस्टम में मेडिकल कालेजों जैसी व्यवस्था को निचले स्तर तक बांटने की प्रथा शुरू होगी। यानी मेडिकल कालेजों के एक्सपर्ट अपनी परिधि में विशेष क्लीनिक चलाने के लिए बाध्य हो सकते हैं।

**नेहा ठाकुर**

**पवित्र पावन नवरात्रि त्योहार**

**कविता**



पवित्र पावन नवरात्रि त्योहार,
माताजी की निशदिन जयकार,
मां नौ रूप बदल के आएगी द्वार,
माताजी की निशदिन जयकार,
मां अम्बे, जय जगदंबे, मां काली
मां खप्परधारी देंगी भक्तों को दुलार
माताजी की निशदिन जयकार,
मां भक्तों के सारे दुख हरेगी इस बार,
माताजी की निशदिन जयकार,
माता का संजा है अनोखा दरबार,
कन्याओं द्वारा गरबा स्तुति गान
की छटाएं मनोरम दिखेगी
माता के पवित्र दरबार,
माताजी की निशदिन जयकार !
कर दे मां भक्तों का बेड़ा पार
पवित्र पावन नवरात्रि त्योहार !


स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक ललित कुमार द्वारा वेलकम इंडिया प्रिन्टर्स, 1/26, साउथ साइड, जी टी रोड़, गाजियाबाद-201001 से मुद्रित कराकर ग्राउन्ड फ्लोर, दुर्गा टॉवर, आर.डी.सी राजनगर, गाजियाबाद 201002 से प्रकाशित किया। संपादक : ललित शर्मा
सम्पर्क सूत्रः 9891116568

किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा गाजियाबाद न्यायालय में ही होगा।

# तीसरा नवरात्रा : मां चंद्रघंटा को लाल और पीले फूल जरूर चढ़ाएं

### पूजा विधि

स्नान और पवित्रता : सुबह जल्दी उठें, सबसे पहले स्नान करें और पवित्र वस्त्र धारण करें।
मां चंद्रघंटा की पूजा : मां चंद्रघंटा की मूर्ति या चित्र को स्थापित करें और उनकी पूजा करें। इसके बाद पूजा में मां को लाल और पीले रंग के वस्त्र अर्पित करें।
पुष्प और अक्षत : मां चंद्रघंटा को कुमकुम, पुष्प और अक्षत अर्पित करें। मां चंद्रघंटा को पीला रंग अत्यंत प्रिय है इसलिए पूजा में लाल व पीले रंग के फूलों का प्रयोग करें।
दीप और धूप : दीप और धूप जलाएं और मां चंद्रघंटा की आरती करें। दुर्गा सप्तशती के अंत में मां चंद्रघंटा की आरती है। उसका पाठ भी करें। इन सभी विधियों को विधिपूर्वक करने से मां चंद्रघंटा प्रसन्न होती हैं और अपने भक्तों पर कृपा बरसाती हैं।



### मां चंद्रघंटा के मंत्र

मूल मंत्र : ॐ देवी चंद्रघंटायै नम :
वंदना मंत्र : पिण्डजप्रवरारूढा
चण्डकोपास्त्रकैयुर्ता। प्रसादं तनुते मह्यं
चन्द्रघंटेति विश्रुता।।
मां का ध्यान
पिण्डज प्रवरारूढ़ा चण्डकोपास्त्रकैयुर्ता।
प्रसादं तनुते महयं चन्द्रघण्टेति विश्रुता।।
वन्दे वांछित लाभाय चन्द्रार्धकृत शेखरम।
सिंहारूढा चंद्रघंटा यशस्वनीम्॥
मणिपुर स्थितां तृतीय दुर्गा त्रिनेत्राम।
रंग, गदा, त्रिशूल,चापचर,पदम् कमण्डलु माला
वराभीतकराम॥

### मां चंद्रघंटा का प्रिय भोग

मां चंद्रघंटा की पूजा में खीर का भोग अर्पित करना सर्वोत्तम माना जाता है। मां को विशेष रूप से केसर की खीर बहुत पसंद है। इसके अतिरिक्त, आप लौंग, इलायची, पंचमेवा और दूध से बनी मिठाइयां भी मां को विशेष भोग के रूप गाय के दूध का भोग लगावे जिससे दुखों से मुक्ति प्राप्त होगी।

### मां का स्वरूप अलौकिक

मां चंद्रघंटा का स्वरूप अत्यंत अलौकिक और भव्य माना जाता है। उनका रूप शांतिपूर्ण होने के साथ-साथ उनकी शक्ति भी अद्वितीय है, जो हर क्षेत्र में सफलता और समृद्धि प्रदान करती है। मां चंद्रघंटा की पूजा से जीवन के सभी पहलुओं में सफलता प्राप्त होती है। विशेष रूप से, इस दिन सूर्योदय से पहले पूजा करनी चाहिए। इस समय मां की विशेष कृपा प्राप्त होती है।

*नवरात्रि के तीसरे दिन मां चंद्रघंटा की पूजा की जाती है। यह ज्ञान और तप की देवी हैं। आध्यात्मिक गुरु पंडित कमला पति त्रिपाठी प्रमोद कहते हैं कि भागवत पुराण के अनुसार मां चंद्रघंटा का रूप अत्यंत शांत, सौम्य और ममतामयी है।*

### मां चंद्रघंटा की पूजा के लाभ

साहस और शक्ति : मां चंद्रघंटा की पूजा से साहस और शक्ति की प्राप्ति होती है।
रक्षा और सुरक्षा : मां चंद्रघंटा की पूजा से जीवन में सुरक्षा और शांति की प्राप्ति होती है।
आध्यात्मिक विकास : मां चंद्रघंटा की पूजा से आध्यात्मिक विकास होता है और जीवन में सकारात्मकता बढ़ती है।

# ट्रंप का नया एच-1बी वीजा वार-भारतीय प्रोफेशनल्स पर गहरी चोट या भारत के लिए ब्रेन गेन का अवसर?



गोंदिया

वैश्विक स्तरपर अंतरराष्ट्रीय राजनीति और आर्थिक नीतियों की दुनियाँ में अमेरिका हमेशा से अपनी इमिग्रेशन पॉलिसीज के जरिए विश्वभर के टैलेंट को आकर्षित करता रहा है। लेकिन डोनाल्ड ट्रंप के राष्ट्रपति बनने के बाद से अमेरिकी वीजा और माइग्रेशन नीतियों में एक के बाद एक सख्ती देखने को मिली है। कभी टैरिफ के नाम पर व्यापारिक प्रतिबंध, तो कभी टेक सेक्टर के लिए वीजा नियमों में कट्टर बदलाव,ये सब कदम स्पष्ट करते हैं कि ₹अमेरिकी फर्स्ट₹ पॉलिसी सिर्फ नारा नहीं, बल्कि ट्रंप प्रशासन का आधारभूत एजेंडा है।मैं एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानीं गोंदिया महाराष्ट्र ऐसा मानता हूं कि इसी कड़ी में ट्रंप सरकार ने टैरिफ के बाद, भारतीयों पर एक और स्ट्राइक की है,उन्होंने एच-1बी वीजा पर एक लाख डॉलर (करीब 88 लाख रुपये) की फीस थोप दी है,ये चोट कितनी बड़ी है, इसका अंदाजा इसी से लगा सकते हैं कि 70 फीसदी एच-1बी वीजा भारतीयों को मिलते हैं,अब सवाल ये है कि क्या इतनी मोटी रकम खर्च करके कंपनियां भारतीयों को अमेरिका में नौकरी पर रखेंगी ?इसकी तगड़ी मार भारतीयों के अलावा अमेरिकी टेक सेक्टर पर भी पड़ने की आशंका जताई जा रही है खासकर भारतीय प्रोफेशनल्स और टेक कंपनियों की नींद उड़ा दी है।इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे,ट्रंप का नया एच-1बी वीजा वार-भारतीय प्रोफेशनल्स पर गहरी चोट या भारत के लिए ब्रेन गेन का अवसर?

साथियों बात अगर हम एच-1बी वीजा पर ट्रंप की नई स्ट्राइक और उसका नोटिफिकेशन को समझने की करें तो एच-1बी वीजा वह रास्ता है जिसके माध्यम से भारतीय और अन्य देशों के उच्च कौशल वाले प्रोफेशनल्स अमेरिका की कंपनियों में काम कर सकते हैं। सिलिकॉन वैली से लेकर न्यूयॉर्क के फाइनेंशियल सेक्टर तक, भारतीय इंजीनियर,आईटी प्रोफेशनल्स और मैनेजमेंट एक्सपर्ट्स की बड़ी मौजूदगी इन्हीं वीजा के जरिए संभव हुई है।ट्रंप प्रशासन ने हाल ही में एक नोटिफिकेशन जारी किया है जिसके अनुसार एच-1बी वीजा पर हर साल $100,000 की फीस देनी होगी। यह फीस केवल पहली बार वीजा आवेदन करने वालों पर ही नहीं, बल्कि उन लोगों पर भी लागू होगी जो पहले से अमेरिका में हैं और वीजा रिन्यू करना चाहते हैं।इस निर्णय को न केवल अप्रवासी समुदाय बल्कि अमेरिकी कॉर्पोरेट जगत भी ₹अत्यधिक बोझ₹ मान रहा है।हर साल की फीसः पुराने और नए आवेदकों पर समान बोझ- अब तक वीजा शुल्क केवल आवेदन और प्रोसेसिंग के समय एकमुश्त लिया जाता था। लेकिन अब इस नए नियम के तहत फीस हर साल देनी होगी।जो भारतीय प्रोफेशनल्स पहले से अमेरिका में काम कर रहे हैं, उन्हें भी वीजा रिन्यूअल के दौरान यह राशि चुकानी होगी।इसका मतलब यह है कि यदि किसी का वीजा 3 साल का है और वह दो बार रिन्यू करवाता है, तो कुल मिलाकर करीब $300,000 (2.64 करोड़ रुपये से अधिक) का बोझ कंपनियों या कर्मचारियों पर पड़ेगा।इससे कंपनियों पर वित्तीय दबाव और बढ़ेगा और वे सोच-समझकर ही भारतीय या अन्य विदेशी कर्मचारियों को नौकरी पर रखने का निर्णय लेंगी।ग्रीन कार्ड का सपना और दूर होता भविष्य-भारतीय प्रोफेशनल्स के लिए अमेरिका का सपना केवल एच-1बी वीजा तक सीमित नहीं है। इसका अंतिम लक्ष्य है-ग्रीन कार्ड और नागरिकता।लेकिन इस भारी- भरकम फीस ने उस सपने को और कठिन बना दिया है।कंपनियां अब इतनी बड़ी राशि खर्च करने से पहले कई बार सोचेंगी कि क्या किसी कर्मचारी के लिए ग्रीन कार्ड स्पॉन्सर करना उनके लिए लाभकारी है।पहले ही ग्रीन कार्ड की प्रतीक्षा सूची भारतीयों के लिए दशकों लंबी हो चुकी है, ऐसे में अतिरिक्त वित्तीय बोझ कंपनियों को पीछे हटने पर मजबूर कर सकता है।भारतीयों का अमेरिका में स्थायी बसने का सपना अब पहले से भी ज्यादाकठोर कठिन और अनिश्चित हो गया है। साथियों बात अगर हम 70 पेसेंट भारतीयों पर सीधा असर व पूरी तरह कर्मचारी की ब्रेन ₹वैल्यू₹ पर निर्भर होने को समझने की करें तो, एच-1बी वीजा की हकीकत यह है कि इसमें सबसे बड़ाहिस्सा भारतीयों का है।हर साल जारी होने वाले एच-1बी वीजा में लगभग 70 पेसेंट भारतीयों को ही मिलता है।इसका मतलब है कि इस नीति का सीधा और सबसे ज्यादा असर भारतीयों पर पड़ेगा।लाखों भारतीय युवा जो अमेरिका जाकर करियर बनाने का सपना देखते हैं, उनकी राह में अब बड़ी बाधा आ खड़ी हुई है।साथ ही, भारतीय आईटी कंपनियां जैसे इंफोसिस, टीसीएस,विप्रो आदि भी इससे प्रभावित होंगी, क्योंकि उनके हजारों कर्मचारी हर साल अमेरिका में सेवाएं देते हैं।यह बदलाव भारत-अमेरिका संबंधों में भी तनाव पैदा कर सकता है, क्योंकि यह स्पष्ट रूप से भारतीय प्रोफेशनल्स को निशाना बनाता दिख रहा है।कर्मचारी की ब्रेन ₹वैल्यू₹ और कंपनी की गणना- ट्रंप की नई नीति का एक और पहलू यह है कि यह अब पूरी तरह कर्मचारी की ब्रेन₹वैल्यू₹पर निर्भर करेगा।यदि किसी कंपनी को लगता है कि कोई भारतीय प्रोफेशनल इतना कुशल है कि उसका काम कोई अमेरिकी कर्मचारी नहीं कर सकता, तभी कंपनी यह भारी-भरकम फीस देने को तैयार होगी।इसका नतीजा यह होगा कि केवल ₹टॉप टैलेंट₹ को ही अब अमेरिका में अवसर मिलेगा।मिड-लेवल या सामान्य कौशल वाले भारतीय प्रोफेशनल्स के लिए अमेरिका का दरवाजा लगभग बंद हो जाएगा।इससे अमेरिका में कार्य संस्कृति और भर्ती प्रक्रिया में गहरा बदलाव आएगा। साथियों बात अगर हम भारत के लिए ब्रेन गेन का सुनहरा अवसर होनें की करें तो,अब तक भारत से ₹ब्रेन ड्रेन₹ होता रहा है,टैलेंटेड युवा विदेश जाकर अपनी क्षमताएं वहीं इस्तेमाल करते थे।अब नया परिदृश्य ब्रेन गेन बन सकता है,आईआईटीप्रोफेशनल्स और भारत की टेक्नोलॉजी हब बनने की राह मिल सकती है,इस फैसले का सबसे ज्यादा असर आईआईटी, आईआईएम और अन्य शीर्ष संस्थानों से निकलने वाले भारतीय प्रोफेशनल्स पर होगा।अब तक इन संस्थानों के कई टॉप टैलेंट अमेरिका में काम करने चले जाते थे।लेकिन जब फीस इतनी भारी होगी, तो कंपनियां ऐसे टैलेंट को रखने से पहले कई बार सोचेंगी।इसका नतीजा यह होगा कि धीरे-धीरे भारतीय टैलेंट की ₹वापसी₹ तेज होगी और भारत में ही हाई-टेक रिसर्च, डेवलपमेंट और इनोवेशन को बल मिलेगा। भारत पहले से ही बैंगलुरु, हैदराबाद, पुणे और गुरुग्राम जैसे शहरों में आईटी और स्टार्टअप हब के रूप में उभर चुका है। ट्रंप का यह कदम इस प्रक्रिया को और तेज कर सकता है। अमेरिका से लौटने वाले उच्च कुशल भारतीय अब भारत की कंपनियों, विश्वविद्यालयों और स्टार्टअप्स में नई ऊर्जा और विशेषज्ञता लेकर आएंगे।इससे भारतीय टेक इंडस्ट्री और स्टार्टअपइकोसिस्टम को एक नई उड़ान मिलेगी।



# मिशन शक्ति अभियान :ग्राम पंचायत रघुनाथपुर में चौपाल का हुआ आयोजन

**वेलकम इंडिया**




**नरसेना.** महिलाओं की सुरक्षा तथा उन्हें आत्मरक्षा के लिए सशक्त बनाने के उद्देश्य से लगातार प्रशासन के द्वारा अभियान चलाया जा रहा है। जिससे महिलाओं को आत्मरक्षा के गुण सिखाए जा सके। जिसके क्रम में पुलिस विभाग के द्वारा लगातार मिशन शक्ति अभियान के तहत महिलाओं तथा बालिकाओं को प्रशासन के द्वारा मुहैया कराए जाने वाली विभिन्न तरह की सहायता एवं सुविधाओं के बारे में जानकारी दी जा रही है जिसके क्रम में विकासखंड ऊंचागांव क्षेत्र के ग्राम पंचायत रघुनाथनाथपुर में मिशन शक्ति अभियान के तहत पुलिस विभाग के द्वारा चौपाल का आयोजन किया गया। चौपाल के दौरान महिलाओं तथा बालिकाओं के साथ हो रहे अपराधों, जिनमें छेड़छाड़ एवं शोषण दुष्कर्म घरेलू हिंसा अपहरण जैसे अपराधों की रोकथाम व विद्यालय न जाने वाले बच्चों के अभिभावकों से संपर्क कर बच्चों को विद्यालय में प्रवेश दिलाने के संबंध में प्रेरित कर जागरूक करने के उद्देश्य से चलाए जा रहे मिशन शक्ति अभियान के तहत व्यापक प्रचार-प्रसार हेतु प्रभार उपनिरीक्षक सुभाष बाबू महिला उपनिरीक्षक हेमा सोलंकी कांस्टेबल शिवानी गॉड टीम के नेतृत्व में गाँव रघुनाथनाथपुर में मिशन शक्ति टीम द्वारा चौपाल लगाकर महिलाओं तथा बालिकाओं से संवाद स्थापित कर उनकी समस्याओं को सुना तथा मिशन शक्ति अभियान के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। इसके साथ ही उन्हें अपने अधिकारों हेतु लड़ने के लिए जागरूक किया गया तथा सुरक्षा की दृष्टि से महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरों जैसे- यूपी आपातकालीन सेवा-112, विमेन पावर लाइन 1090 ,महिला हेल्पलाइन 181, चाइल्डलाइन 1098, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076, स्वास्थ्य सेवा 102,एंबुलेंस सेवा 108 इत्यादि से अवगत कराया गया तथा पीड़ित महिलाओं की सुविधाओं के दृष्टिगत बनाए गए वन स्टॉप सेंटर के बारे संदर्भ में जानकारी दी गई और साथ ही साथ साइबर हेल्प लाइन नंबर 1930 के विषय में भी विस्तृत जानकारी दी गई।

# डीएम बनकर सपना साकार करूंगी: खुशबु

**वेलकम इंडिया महमूद रजा**




जनपद बिजनौर यह संकल्प कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय इस्माइलपुर की कक्षा 8 की छात्रा खुशबु सुपुत्री श्री राजेश सिंह निवासी ग्राम दरबड जो कि संस्थान की बहुत ही प्रतिभाशाली बहुमुखी प्रतिभा की धनी छात्रा के हैं जो कि अपनी शिक्षिकाओं और सहपाठियों के साथ बहुत ही आत्मीय तथा गंभीर प्रकृति की कुशल छात्रा होने के साथ-साथ विभिन्न क्रीड़ा प्रतियोगिताओं जैसे3 खो खो को लंबी कूद, ऊंचीकूद और रेस आदि में बेहतरीन प्रदर्शन करने वाली साथ ही खान एकेडमी की कक्षाओं में सर्वाधिक समय देकर उच्च स्तर की दक्षताओं को प्राप्त है ने अपनी प्रतिभा में नित्य प्रति अधिक निखार लाने वाली छात्रा जिसका विद्यालय में 95% से भी अधिक उपस्थिति का भी कीर्तिमान इनके ही नाम है के दृष्टिगत आज दिनांक 23 सितंबर 2025 को खंड शिक्षा अधिकारी जलीलपुर के रूप में कार्यभार एवं दायित्व निर्वाहन हेतु अवसर प्रदान किया गया इस अवसर पर गजेन्द्र सिंह, रिमीश कुमार, राहुल कुमार,शफीक अहमद, सलमान, राजीव यादव तथा कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय के कंप्यूटर शिक्षक श्री पवन कुमार आदि भी उपस्थित थे सभी ने कार्यभार ग्रहण करने पर खुशबू को हार्दिक बधाइयां और शुभकामनाएं दी खंड शिक्षा अधिकारी जलीलपुर के रूप में कार्य करते हुए उन्होंने सम्मुख रखी गई कुछ परिस्थितियों में निर्णय लिए और प्रस्तुत की गई परिस्थितियां में भी अपने निर्णय से उन्हें निस्तारित किया आशा की जाती है कि यह छात्रा भविष्य में अपने सपनों को साकार करते हुए उच्च दायित्वों के निर्वहन हेतु स्वयं में उन संभावना, योग्यताओं और प्रतिभाओं को भी अवश्य ही विकसित करके भविष्य में किसी बड़े पद के सफलता और कुशलता पूर्वक दायित्व निर्वहन में सफल होंगी।

## काली की शोभायात्रा में शामिल डीजे की गाड़ी ने पीएसी के जवान को कुचला

**वेलकम इंडिया**



**बुलंदशहर :** सोमवार को अमरगढ़ में मां काली की शोभायात्रा निकाली जा रही थी। सुरक्षा और शांति व्यवस्था में थाना पुलिस और 49 वीं वाहिनी पीएससी के जवानों को लगाया गया था। पीएसी कांस्टेबल सूर्य बली यादव सुरक्षा व्यवस्था बना रहा था। इस दौरान डीजे की गाड़ी के ड्राइवर ने लापरवाही से गाड़ी चलाते हुए सूर्यबली यादव पर गाड़ी चढ़ा दी और इसके बाद मौके से फरार हो गया। मौके पर मौजूद पुलिस कर्मियों ने पीएसी के जवान को नजदीकी अस्पताल पहुंचाया। जहां से उसे फायर सेंटर रेफर कर दिया। फिलहाल नोएडा के नीचे अस्पताल में घायल का उपचार चल रहा है। इस संबंध में थाना प्रभारी निरीक्षक संजेश कुमार ने बताया कि पीएससी प्लाटून कमांडर की तहरीर पर आरोपी गाड़ी चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है गिरफ्तार कर जेल भेजा जाएगा।

## सराहनीय कार्य को लेकर चचाओं में रहती है रविता राठी

**वेलकम इंडिया महमूद रजा**



**बिजनौर।** राष्ट्रीय विकलांग एसोसिएशन की सामाजिक संस्था ने सराहनीय कार्य में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेने वाली महिला कल्याण विभाग डी एम सी पद पर तैनात व्यवहार कुशल रविता राठी को सम्मानित करने का मासिक बैठक में निर्णय लिया गया डी एम सी रविता राठी अपनी ड्यूटी के प्रति निष्ठावान रहने ओर सराहनीय कार्य में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेने को लेकर डी एम सी रविता राठी इन दिनों खूब चचाओं में हैं।

आपको यह यहां भी बतादे कि राष्ट्रीय विकलांग एसोसिएशन के युवा मोर्चा राष्ट्रीय अध्यक्ष अरबाज अंसारी व राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री एम आर पाशा , शाकिर अल्वी संगठन की मासिक बैठक आयोजित कर यह निर्णय लिया कि सराहनीय कार्यों में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेने वाली कर्मचारी व अधिकारियों को संगठन सम्मानित कर उन्हें सम्मान का तोहफा देगी इस कड़ी में बिजनौर महिला कल्याण विभाग डी एम सी रविता राठी के नाम पर इस बार की मासिक बैठक में मुहर लगा दी गई हैं। शीघ्र ही संगठन के वरिष्ठ पद अधिकारीगण डी एम सी रविता राठी को उनके सराहनीय कार्य के प्रति उन्हें सम्मानित करते हुए उन्हें सम्मान का तोहफा देंगे युवा मोर्चा राष्ट्रीय अध्यक्ष अरबाज अंसारी ने संयुक्त रूप से बताया कि इस तरह के कार्य से अधिकारी व कर्मचारियों में ओर अधिक सराहनीय कार्यों की रुचि बढ़ेगी और समय समय पर संगठन ऐसे अधिकारियों को चिन्हित कर उन्हें सम्मान करते हुए सम्मान का तोहफा देगी।

## न्यू खान क्लीनिक का हुआ शुभारंभ

**वेलकम इंडिया**




**झांसी।** सीपरी बाजार स्थित परिवार प्लाजा के प्रथम तल पर न्यू खान क्लीनिक का शुभारंभ बड़ी ही सादगी और पारिवारिक माहौल में किया गया। संचालक एमबीबीएस फिजिशियन डॉ. सोहेल खान ने अपने परिवारजनों की उपस्थिति में क्लीनिक का उद्घाटन कराया। विशेष बात यह रही कि डॉ. खान ने अपनी दादी श्रीमती जैनिब निशा, पिता श्री आमिर खान एवं माता श्रीमती परवीन जहां के कर-कमलों से फीता कटवाकर क्लीनिक का शुभारंभ कराया। यह दृश्य वहां मौजूद लोगों के लिए प्रेरणादायक और मिसाल कायम करने वाला रहा। इस अवसर पर डॉ. सोहेल खान ने कहा कि– मां-बाप की दुआओं और आशीर्वाद से आरंभ किया गया यह क्लीनिक मरीजों की सेवा के लिए समर्पित रहेगा। मरीजों की देखभाल और उन्हें स्वस्थ करने से मन को सच्चा सुकून मिलता है। विश्वास है कि ऊपर वाला भी मरीजों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ में सहयोग करेगा। उक्त जानकारी क्लीनिक में कार्यरत अमित वर्मा ने दी।

# रामलीला महोत्सव में गूंजे शंख-नगाड़े, राम-जानकी विवाह बना दिव्य आलोक

**वेलकम इंडिया गुलजार आलम**



**रामपुर।** उत्सव पैलेस रामलीला ग्राउंड मंगलवार को भक्ति, संस्कृति और उल्लास के रंगों से सराबोर रहा। श्रीरामलीला महोत्सव के आठवें दिन का दृश्य इतना अद्भुत था कि हजारों की भीड़ देर रात तक पंडाल में डटी रही और भक्ति रस में डूबती रही।

सुबह 9 बजे रासलीला और श्रीकृष्ण की निकुंज लीलाओं के साथ दिन का शुभारंभ हुआ। नटखट कृष्ण की बाल लीलाओं और उनकी प्रेममयी छवियों ने पंडाल में बैठे हर दर्शक का मन मोह लिया। बच्चों की खिलखिलाहट और बुजुर्गों की भावविभोर आंखें इस दिव्य आयोजन का साक्षात प्रमाण बनीं। शाम ढलते ही रामलीला मैदान रंगीन रोशनियों और भक्ति संगीत से जगमगा उठा। रात 8:30 बजे वृंदावन से आए कलाकारों ने मंच संभाला और जीवंत प्रस्तुतियों से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। लक्ष्मण-परशुराम संवाद, लग्न पत्रिका और कुंवर कलेवा जैसे प्रसंगों ने तालियों की गड़गड़ाहट और जय श्रीराम के नारों से पूरा पंडाल गूंजा दिया। मंच पर जब श्रीराम और माता सीता के विवाह का दृश्य साकार हुआ तो मानो पूरा जनकपुर वहां उतर आया। दूल्हे के रूप में सजे श्रीराम और दुल्हन बनी जानकी के जयमाल के समय पुष्पवर्षा हुई, शंख और नगाड़ों की गूंज ने वातावरण को दैविक बना दिया। विवाह के पावन प्रसंग ने उपस्थित श्रद्धालुओं की आंखों को आंसुओं से नम कर दिया और हर किसी ने स्वयं को उस युग का प्रत्यक्ष साक्षी मान लिया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में रामपुर विकास प्राधिकरण से अपर जिलाधिकारी संदीप कुमार वर्मा, मनोज सिसोदिया, अमन साहू, जगदीश पाल सिंह और रवि शंकर उपस्थित रहे। आयोजन समिति ने उन्हें पुष्पगुच्छ, शॉल और मोमेंटो भेंट कर सम्मानित किया। आठवें दिन की प्रस्तुतियों ने जहां दर्शकों को भक्ति सागर में डुबो दिया, वहीं आने वाले दिनों की उत्सुकता भी और बढ़ा दी। रामलीला महोत्सव की यह सांस्कृतिक और आध्यात्मिक यात्रा हर किसी के लिए जीवनभर की यादगार बनती जा रही है इस मौके पर अध्यक्ष विष्णु शरण अग्रवाल, महामंत्री वीरेंद्र कुमार गर्ग, सह अध्यक्ष सुनील कुमार गोयल सोनी ताऊ, सुभाष चन्द्र अग्रवाल ठेकेदार , ईश्वर सरन अग्रवाल, विनोद कुमार गुप्ता ठेकेदार, वेद प्रकाश वर्मा, अरविन्द कुमार अग्रवाल, मनोज कुमार अग्रवाल, निर्भय कुमार गर्ग, कमलेश कुमार अग्रवाल (एड.), डॉ. अजय कुमार अग्रवाल, अरुण कुमार अग्रवाल, राम प्रताप सर्राफ, अनिल कुमार चौरसिया , राजीव सरन गर्ग, विनीत कुमार अग्रवाल, शान्ति शरण राठौड़, हरिओम गुप्ता, मनोज कुमार अग्रवाल, श्रीराम अग्रवाल, रविन्द्र कुमार मिश्रा, संजय अग्रवाल, डॉ. सुमित कुमार गोयल आदि मौजूद रहे।

## तृतीय मंयक मयूर स्मृति दोड़ प्रतियोगिता 27 सितम्बर को



**वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा**

**बिजनौर।** प्रमुख समाजसेवी मंयक मयूर की स्मृति प्रत्येक वर्ष दोड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया जाता आ रहा है । गत वर्षों की भांति इस वर्ष भी दिव्य भारती उत्तर प्रदेश एवं संतोष स्पोर्ट्स सोल्यूशन बरेली द्वारा संयुक्त रूप से मदन लाल स्पोर्ट्स स्टेडियम ग्राम गढ़ी नगीना रोड़, बिजनौर में 27 सितम्बर को प्रातः 8 बजे से किया जाएगा। यह जानकारी देते हुए विवेकानन्द दिव्य भारती उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष योगेन्द्र पाल सिंह योगी ने बताया कि प्रतियोगिता में 100, 200 व 400 मीटर की दोड़ शामिल हैं जिसमें 15 वर्ष से कम आयु के बालक व बालिका प्रतिभाग कर सकते हैं।

# जीएसटी शैक्षणिक कार्यशाला का भव्य आयोजन,वताये व्यापारियो को लाभ



**वेलकम इंडिया**

**झांसी !** जीएसटी कम होने के बाद केमिस्ट में कुछ जटिलता महसूस हो रही थी इस संदर्भ में एक शैक्षिक कार्यशाला का आयोजन जिला केमिस्ट एसोसिएशन के तत्वाधान में राम राजा दवा बाजार में आयोजित किया गया जिसमें मुख्य अतिथि श्री मनमोहन गेडा एवं विशिष्ट अतिथि अजय वर्मा डिप्टी कमिश्नर एवं दीपक शर्मा औषधि आयुक्त झांसी रहे ! इस अवसर पर मुख्य अतिथि श्री मनमोहन गेडा ने घटी जीएसटी मिला उपहार धन्यवाद मोदी सरकार का नारा लगाया एवं कहा कि जीएसटी की नई दरों से जहां दवा विक्रेताओं को लाभ मिलेगा वहीं मरीजों को सस्ते दामों पर अब दवा उपलब्ध होगी और साथ ही सभी से आग्रह किया की आप सभी को स्वदेशी सामान खरीदना भी और साथ ही अपनी अपनी दुकानो पर स्वदेशी उत्पादो को बेचना भी है ! वही विशिष्ट अतिथि औषधि आयुक्त दीपक शर्मा ने कहा कि एमआरपी नई जीएसटी दरो पर दवाई की बिक्री होगी अगर कोई केमिस्ट ऐसा नहीं करता है तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी अतिथि जीएसटी कमिश्नर अजय वर्मा द्वारा केमिस्टों के विस्तृत रूप से वताया एमआरपी से नीचे डिस्काउंट देना है वही सरकार आपको जीएसटी इनपुट के माध्यम से आगे आपकी सेल में एडजस्ट करेगी आपका कहीं से भी कोई नुकसान नहीं है नुकसान तो सिर्फ उन केमिस्ट का है जिन्होंने जीएसटी का पंजीयन आज तक नहीं कराया।

# किसान सहकारी चीनी मिल की पेराई क्षमता को बढ़ाकर 5000 टी. सी. डी. करने की मांग पर अब लगा पूर्ण विराम

**वेलकम इंडिया महमूद रजा**



जनपद बिजनौर नजीबाबाद पर्याप्त गन्ने के अभाव में किसान सहकारी चीनी मिल की पेराई क्षमता को बढ़ाकर 5000 टी.सी.डी. करने की मांग पर अब पूर्ण विराम लग गया है। आदर्श नगर निवासी आरटीआई कार्यकर्ता मनोज शर्मा द्वारा किसान सहकारी चीनी मिल स्नहरोड़ की पेराई क्षमता को बढ़ाकर 5000 टी.सी.डी. करने की मांग की गयी थी जिसके परिपेक्ष में उत्तर प्रदेश सहकारी चीनी मिल संघ के प्रबंध निदेशक कुमार विनीत ने आरटीआई कार्यकर्ता को भेजे एक पत्र में कहा कि किसान सहकारी चीनी मिल स्नेहरोड की पेराई क्षमता वर्तमान 3000 टी.सी.डी एवं 40 किलोलीटर प्रतिदिन एथनाल उत्पादन क्षमता की आसवनी स्थापित है। स्नेहरोड की पेराई क्षमता 5000 टी.सी.डी करते हुए शीरे का पूर्णरूपेण उपयोग चीनी मिल की आसवनी में करने हेतु में पूर्व स्थापित आसवनी के अतिरिक्त 60 किलो लीटर प्रतिदिन एथनाल उत्पादन क्षमता की आसवनी तथा 100 टी.पी.डी. क्षमता का बायो-सी.एन.जी. प्लान्ट की स्थापना हेतु परियोजना का प्रस्ताव शासन के माध्यम से पी.आई.बी. को स्वीकृति हेतु प्रेषित किया गया था जिसके क्रम में मुख्य सचिव उत्तर प्रदेश शासन की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई पी.आई.बी. बैठक में स्नेह रोड परियोजना पर पुनः विचार कर प्रस्तुत किये जाने का मत स्थिर किया गया था।

उन्होंने बताया कि स्नेहरोड चीनी मिल क्षमता विस्तारीकरण परियोजना की स्थापना हेतु आवश्यक गन्ने की उपलब्धता के सम्बन्ध में विचार किया गया जिसके अन्तर्गत 5000 टी.सी.डी. क्षमता की चीनी मिल हेतु एक पेराई सत्र में लगभग 90 लाख कुंतल गन्ने की आवश्यकता होगी।

# मानसिक स्वास्थ्य एवं छात्र कल्याण पर एकदिवसीय कार्यशाला का आयोजन

**वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा**



**नूरपुर :** आर आर पब्लिक स्कूल में सीबीएसई द्वारा ₹मानसिक स्वास्थ्य एवं छात्रों के कल्याण को बढ़ावा देना ₹ विषय पर आयोजित एकदिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह कार्यशाला सीबीएसई द्वारा ₹ ₹मानसिक स्वास्थ्य एवं छात्रों के कल्याण को बढ़ावा देना₹ विषय पर आयोजित की गई। जिसमें जनपद के करीब आठ स्कूलों के 60 शिक्षक एवं शिक्षिकाओं ने प्रतिभाग किया।

स्योहारा रोड़ स्थित आर आर पब्लिक स्कूल में एकदिवसीय कार्यशाला का शुभारंभ स्कूल के प्रधानाचार्य प्रणय मनु गुप्ता, उप प्रधानाचार्य टीकम सिंह, सीबीएसई द्वारा नियुक्त कार्यशाला रिसोर्स पर्सन एकता रावत पल्लवी शर्मा ने ?संयुक्त रूप से मां सरस्वती के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर किया गया। स्कूल में आयोजित कार्यशाला में मानसिक स्वास्थ्य छात्रों के कल्याण को बढ़ावा देना विषय पर एक कार्यशाला आयोजित की गई। जिसमें छात्रों के मानसिक तनाव को कम करने और छात्र हित को बढ़ावा देने के लिए ध्यान, योग और स्वास व्यायाम जैसी तकनीकी को शामिल किया गया। इस दौरान शिक्षक एवं शिक्षिकाओं ने ₹मानसिक स्वास्थ्य₹ विषय पर अपने विचार व्यक्त करते हुए एकता रावत ने बताया कि इस प्रकार की कार्यशाला का उद्देश्य अवसाद, चिंता और अन्य भावनात्मक मुद्दों को प्रभावित ढंग से प्रबंधित करने के लिए है।इस कार्यशाला में छात्रों के कौशल को और अधिक विकसित करना है, जिससे छात्रों के समग्र स्वास्थ्य में सुधार हो सके। सभी शिक्षक एवं शिक्षिकाओं ने शिक्षण कार्य के दौरान आने वाली समस्याओं के विषय में एक दूसरे से सकारात्मक चर्चा करते हुए इसके समाधान हेतु अपने- अपने अनुभव एक दूसरे के साथ साझा किए। कार्यशाला में सह रिसोर्स पर्सन पल्लवी शर्मा ने कहा कि कार्यशाला का मूल उद्देश्य शिक्षक शिक्षिकाओं को ऐसा प्रशिक्षण प्रदान करना है, जिसमें मानसिक स्वास्थ्य के तहत बच्चों के सर्वांगीण विकास व एजुकेशन प्लान को सफल बनाने के लिए हर स्तर पर तैयार रहने की आवश्यकता है । उन्होंने शिक्षकों तथा बच्चों की क्षमता के विकास के संबंध में शिक्षण कार्य के विषय में अवगत कराया। कार्यशाला में शिक्षकों को शिक्षण कार्य की बारिकियां बताते हुए कहां के इस अत्याधुनिक युग में में छात्र एवं छात्राओं को एक दूसरे से जोड़ने एवं उन्हें सशक्त बनाने की आवश्यकता बताई । ? स्कूल के प्रधानाचार्य प्रणय मनु गुप्ता व उप प्रधानाचार्य टीकम सिंह ने ट्रेनर एकता रावत व पल्लवी शर्मा को पौधे भेंट कर सम्मानित किया। स्वाति यादव के संचालन में आयोजित कार्यक्रम में चंचल कटारिया, नीरज त्यागी, संजीव डबास, गौरव चौहान, निगम लाम्बा, आंचल चौहान,सारिका शर्मा, निर्देश, ज्योति रानी, धिमांशु रानी अनुराग शर्मा, मुकुल शर्मा, मोनिका राजपूत, बबीता पाल, प्रीति, मीनू वर्मा, आदि ने प्रतिभाग किया।

# शिक्षणशास्त्र की प्रतियोगिता समृद्धि 2025 प्रतियोगिता का आयोजन किया गया

वेलकम इंडिया



**झांसी!** सूरज प्रसाद राजकीय बालिका इण्टर कॉलेज झाँसी में कला समेकित शिक्षणशास्त्र की प्रतियोगिता समृद्धि 2025 का जनपद स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।कार्यक्रम का शुभारंभ जिला विद्यालय निरीक्षक श्रीमती रती वर्मा जी, प्रधानाचार्या सूरज प्रसाद राजकीय बालिका इण्टर कॉलेज श्रीमती निधि चौहान जी, निर्णायक मण्डल वरिष्ठ प्रवक्ता डायट बरुआसागर श्री मुकेश रोशन एवं श्री दीपक भारती, ज़िला समन्वयक निर्भय सिंह, कार्यक्रम प्रभारी असमा खान व नोडल रचना नामदेव, रूपवती खोइया, डॉ शालू द्वारा किया गया ।

जिला विद्यालय निरीक्षक श्रीमती रती वर्मा जी ने बताया कि समृद्धि शिक्षकों के लिए कला उत्सव के अंतर्गत आयोजित की जाने वाली राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता है, इसका उद्देश्य माध्यमिक स्तर पर कक्षा 9-12 के पाठ्यक्रम पर आधारित उन कला समेकित पद्धतियों को प्रदर्शित करना है जिन्हें शिक्षकों द्वारा विकसित एवं प्रयोग किया गया।कार्यक्रम प्रभारी असमा खान ने बताया प्रतियोगिता में झाँसी जनपद के विभिन्न विद्यालयों के शिक्षकों ने प्रतिभाग किया।जिसमे राजकीय इण्टर कॉलेज झाँसी की सहायक अध्यापिका शिप्रा श्रीवास्तव ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, द्वितीय स्थान पर सरस्वती पाठशाला इंडस्ट्रियल कॉलेज के सहायक अध्यापक अजय अनुरागी और तृतीय स्थान बड़ागांव इण्टर कॉलेज के विज्ञान शिक्षक प्रमोद कुमार ने प्राप्त किया। सभी विजेता शिक्षकों को जिला विद्यालय निरीक्षक द्वारा प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया।प्रधानाचार्या निधि चौहान ने कहा कि कला का समेकन, विद्यार्थी की प्रतिभागिता, अनुभावनात्मक शिक्षा एवं आलोचनात्मक समझ का विकास ही समेकित शिक्षा शास्त्र है। कार्यक्रम का संचालन कार्यक्रम प्रभारी असमा खान ने किया एवं आभार नोडल रचना नामदेव द्वारा किया गया। कार्यक्रम में सीमा जैन, अनीता कटियार, कृति सी हयारण, नीतू सिंह, प्रीति,संध्या गुप्ता, लेखाकार हीरू गुप्ता व अन्य उपस्थित रहे ।

# मिशन शक्ति अभियान-5.0 के अंतर्गत रैली निकाल कर किया जागरूक




वेलकम इंडिया

शिकारपुर/बुलंदशहर/ उ0प्र0 शासन के निदेर्शानुसार महिलाओं एवं बालिकाओं को जागरुक करने हेतु मिशन शक्ति-5.0 अभियान के अन्तर्गत महिलाओं को और अधिक जागरूक करने, सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन की दिशा में की जा रही ठोस और प्रभावी कार्यवाही के क्रम में शिकारपुर चेयरमैन राजबाला सैनी व क्षेत्राधिकारी शिकारपुर मधुप कुमार सिंह द्वारा मिशन शक्ति केन्द्र का उद्घाटन किया गया है।इसके उपरान्त श्यामलाल सरस्वती डिग्री कालेज व राजकीय बालिका इन्टर कालेज की छात्राओं के साथ कस्बा शिकारपुर में रैली निकाली गयी। इसके उपरान्त क्षेत्राधिकारी शिकारपुर सहित मौजूद अन्य अधिकारियों द्वारा उपस्थित छात्राओं को पीपीटी के माध्यम से बालिकाओं एवं महिलाओं के साथ घटित होने वाले अपराधों पर प्रभावी रोकथाम हेतु जागरूकता के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारियां, जैसे विभिन्न हेल्प लाइन नंबर, महिला हेल्प डेस्क, एंटी रोमियों स्क्वायड, बाल श्रम उन्मूलन, यूपी-112, वूमेन पावर लाइन-1090, चाइल्ड हेल्पलाइन-1098, साइबर क्राइम हेल्पलाइन-1930, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन-1076, एंबुलेंस-102 एवं आत्मरक्षा संबंधी टिप्स, गुड टच, बैड टच आदि के बारे में विस्तृत जानकारी देकर जागरूक किया गया। इस मौके पर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक चंदगीराम क्राइम इंस्पेक्टर वीरेंद्र कुमार सैनी ईओ नीतू सिंह महिला एस आई दीप्ति तथा नगर के गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# खोया हुआ मोबाइल पाकर आई खुशी, पुलिस को बोला धन्यवाद

वेलकम इंडिया




**मिजार्मुराद।** मिजार्मुराद पुलीस ने बीते 11 सितंबर को गायब हुई मोबाइल को खोजकर मंगलवार को युवक को थाने बुलाकर सुपुर्द कर दी।मिजार्मुराद थाने के एसआई मधुसूदन त्रिपाठी ने बताया कि अरका के कंशरायपुर गांव (मिजार्मुराद) निवासी अशोक कुमार बीते 11 सितंबर को मिजार्मुराद बाजार आया हुआ जिसकी रियलमी ब्रांड की मोबाइल जेब से बाजार में गिरकर कही खो गया था।पीड़ित द्वारा जिसकी सूचना मिजार्मुराद थाने पर दर्ज करवाया गया था सर्विलांस टीम की मदद से उक्त मोबाइल को खोजकर मोबाइल स्वामी अशोक कुमार को सुपुर्द कर दिया गया।अशोक कुमार मोबाइल पाकर काफी खुश होते हुए मिजार्मुराद पुलिस को धन्यवाद देते हुए भूरी भूरी प्रशंसा किये।

# यूपी पुलिस के जवान का बीमारी के चलते निधन, राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार

वेलकम इंडिया

**कांधला।** संवादाता मोहसीन रहमानी थाना क्षेत्र के गांव माल्हीपुर खेडा निवासी यूपी पुलिस के जवान की बीमारी के चलते मौत हो गई। जवान की मौत से परिजनों कोहराम मच गया। परिजनों ने गमगीन माहौल में राजकीय सम्मान के साथ मृतक जवान के शव का दाह संस्कार कर दिया है।



थाना क्षेत्र के गांव माल्हीपुर खेडा निवासी राजकुमार का 30 वर्षीय पुत्र मनमोहन वर्ष 2019 में उत्तर प्रदेश पुलिस में सिपाही के पद पर भर्ती हुआ था। बिजनौर में ट्रेनिंग करने के बाद जवान की पोस्टिंग जनपद शाहजहांपुर में हुई थी। पिछले कई वर्षों से जवान न्यायालय सुरक्षा में तैनात था। न्यायालय सुरक्षा में तैनाती के दौरान जवान की ड्यूटी अयोध्या में लगी थी। अयोध्या में ड्यूटी के दौरान खान पान रास नहीं आने के चलते जवान की तबीयत बिगड़ गई थी। लगभग डेढ़ वर्ष से जवान आंतों में कैंसर की बीमारी से जूझ रहा था। मंगलवार को जवान की बीमारी के चलते मौत हो गई। जवान की मौत से परिजनों में कोहरा मच गया सूचना पर थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार पुलिस बल के साथ गांव में पहुंचे और गमगीन माहौल में मृतक जवान के सब का राज के सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया। मृतक जवान को मुखाग्नि बड़े भाई सोनू के द्वारा दी गई। अंतिम संस्कार के दौरान श्मशान घाट नारों से गूंज उठा जब तक सूरज चांद रहेगा मनमोहन तेरा नाम रहेगा। इस दौरान भारी संख्या में परिजन और ग्रामीण मौजूद रहे।

## पुलिस भर्ती के 6 साल बाद हुआ जवान का निधन

**कांधला।** थाना क्षेत्र के गांव माल्हीपुर खेडा निवासी राजकुमार के पुत्रों में मनमोहन सबसे छोटा था और कड़ी मेहनत कर उत्तर प्रदेश पुलिस में सिपाही के पद पर भर्ती हुआ था। सिपाही के पद पर भर्ती होने के बाद से परिजनों में खुशी का अलग ही माहौल था, लेकिन किस्मत में लिखा कौन टाल सकता है, मात्र छह साल की नौकरी में ही मनमोहन दुनिया को अलविदा कहते हुए अपने परिजनों को रोता बिलखता हुआ छोड़ गया। परिजन और ग्रामीणों के अनुसार मनमोहन बहुत ही मिलनसार और व्यवहार कुशल था।

# टीना कुमारी बनी एक दिवसीय सांकेतिक खंड शिक्षा अधिकारी



**शिकारपुर।** मिशन शक्ति कार्यक्रम के तहत मंगलवार को कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय शिकारपुर की छात्रा टीना कुमारी को एक दिवसीय सांकेतिक खंड शिक्षा अधिकारी बनाया गया। टीना कुमारी के द्वारा शिक्षकों को निर्देश दिए गए कि समस्त शिक्षकों को विद्यालय स्थित गांव में भ्रमण कर शिक्षा से वंचित बच्चों को शिक्षा की मुख्य धारा में जोड़ने का प्रयास करें तथा खंड शिक्षा अधिकारी अमन गुप्ता के द्वारा कार्यालय के क्रियाकलापों के बारे में सांकेतिक खंड शिक्षा अधिकारी को अवगत कराया गया। सांकेतिक खंड शिक्षा अधिकारी बनी टीना कुमारी ने बताया है कि यह मेरे लिए एक बड़े सौभाग्य की बात है और में ब्लॉक क्षेत्र के समस्त विद्यालय के प्रधानाचार्यो से कहूंगी कि वह अपने-अपने विद्यालयों में एक दिन के लिए एक छात्रा को प्रधानाध्यापक बनाकर उनको उत्साहित करें।

## महिला के तहरीर पर पति समेत अन्य पर दहेज का मुकदमा

**मिजार्मुराद।** मिजार्मुराद पुलिस ने सोमवार की देर रात करधना गांव (मिजार्मुराद) निवासिनी महिला सुशीला देवी के तहरीर पर पति राजन, ससुर प्रमोद उर्फ रामदास, सास चंदा देवी व राजकुमार के खिलाफ धारा 85, 352 व 3/4 के तहत मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल में जुट गई। पीड़िता सुशीला देवी ने मिजार्मुराद थाने में तहरीर देकर बताई की शादी के बाद से ही पति राजन समेत ससुराल के अन्य लोग दहेज के लिए आए दिन मारते-पीटते है और दहेज की मांग को लेकर अक्सर शारिरिक मानसिक प्रताड़ना ताना मेहना देते हुए भद्दी-भद्दी गाली-गलौज देते है और रविवार की रात पति शराब के नशे में आया और बुरी तरह मारापीटा उसके बाद सास व ससुर सभी मिलकर घर से बाहर निकाल दिये।मेरे बेटे आर्यन व बेटी आंशु को अपने पास रख लिये।मिजार्मुराद थाना प्रभारी प्रमोद कुमार पांडेय ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर महिला को मेडिकल मुआवजा हेतु भेजने के साथ ही जांच-पड़ताल किया जा रहा है।

## 14 नामजद व अज्ञात के खिलाफ बलवा व डकैती का मुकदमा दर्ज

**मिजार्मुराद।** मिजार्मुराद पुलिस ने ठठरा गांव (मिजार्मुराद) निवासी ऋषिराज चौरसिया के तहरीर पर मंगलवार को ठठरा गांव निवासी अरविंद, अजय, अभिनव, शरद, रितिक, शिवांस, शशांक, ऋषभ, हर्ष, निशा सिंह, तनु, गोलू, श्रद्धा, श्रेयांश समेत पांच अज्ञात के खिलाफ डकैती, बलवा, मारपीट समेत अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच-पड़ताल में जुट गई। ठठरा गांव निवासी ऋषिराज चौरसिया ने मिजार्मुराद थाने में तहरीर देकर आरोप लगाया कि सोमवार की दोपहर में अपने पिता सुरेशचंद्र चौरसिया के साथ अपने घर से दुकान के लिए वैगनार कार गाड़ी में माल लेकर व बैग में दो लाख रुपये लेकर नगद अपने दुकान के लिए निकला आरोप है कि पहले से विपक्षीगण अपने दरवाजे पर खड़े थे प्रार्थी का गाड़ी रोकनर अभिनव, अजय व अरविंद द्वारा ललकार कर बोले कि मारो सालों को जिससे कट्टे के मुठिया से अभिनव द्वारा प्रार्थी के सिर पर प्रहार कर दिया गया और सोने का सिकड़ी व दो लाख रुपया रितिक, अभिनव व श्रेयांश द्वारा छीनकर अपने घर में भाग गए व पिता सुरेशचंद्र चौरसिया को और आवाज सुनकर मौके पर पहुंचे अंकित व आयुष को भी सभी लोगों द्वारा लातघुसो से बुरी तरह मारपीट कर घायल कर दिया।

# छात्राओं की स्वदेशी रैली, गलियों में गूंजे खादी अपनाओ-देश बचाओ के नारे

वेलकम इंडिया




**कांधला।** संवादाता मोहसीन रहमानी मंगलवार को कस्बा देशभक्ति और स्वदेशी के रंग में रंगा नजर आया। खादी महोत्सव के अंतर्गत खादी ग्रामोद्योग आयोग, पंजोखेड़ा स्थित कार्यालय द्वारा राजकीय महिला डिग्री कॉलेज कांधला के सहयोग से एक स्वदेशी रैली का आयोजन किया गया। रैली का शुभारंभ कॉलेज परिसर से हुआ और यह कस्बे के मुख्य मार्गों व बाजार से होते हुए पुनः कॉलेज में आकर संपन्न हुई।रैली में खादी ग्रामोद्योग मेरठ के निदेशक संजीव रॉय, कार्यकारी अधिकारी कपिल कुमार, प्रोफेसर बृजेश राठी तथा कॉलेज के सभी प्राध्यापक शामिल रहे। छात्राओं ने हाथों में तख्तियां और झंडे लेकर स्वदेशी और खादी अपनाने का संदेश दिया। जगह-जगह पर छात्राओं ने ह्यखादी अपनाओ, देश बचाओ, स्वदेशी हमारा गौरव है, देश की पहचान है खादी जैसे नारे लगाकर लोगों को आकर्षित किया।रैली के दौरान कस्बे के बाजार में स लोगों ने छात्राओं का उत्साहवर्धन किया।निदेशक संजीव रॉय ने कहा कि खादी सिर्फ एक कपड़ा नहीं बल्कि हमारी आजादी की लड़ाई का प्रतीक और आत्मनिर्भर भारत की राह है।इस इस दौरान विद्यालय स्टाफ खादी ग्राम उद्योग के अधिकारी और छात्राएं मौजूद रही।

# दो दिवसीय रोजगार मेला का हुआ समापन सात अभ्यर्थियों का चयन

वेलकम इंडिया



**कांधला।** संवादाता मोहसीन रहमानी युवाओं को स्थाई रोजगार दिलाने के उद्देश्य से जिलेभर में रोजगार मेलों का आयोजन किया जा रहा है। मुख्य विकास अधिकारी विनय कुमार तिवारी के निदेर्शानुसार आयोजित इस श्रंखला के तहत नगर के खण्ड विकास कार्यालय में दो दिवसीय मेला संपन्न हुआ, जिसमें दूसरे दिन सात अभ्यर्थी एवं दोनों दिन कुल 12 अभ्यर्थियों का चयन किया गया।यह रोजगार मेला 24 एवं 25 सितंबर को कैराना खण्ड विकास कार्यालय प्रांगण में आयोजित किया जाएगा। जिला सेवायोजन अधिकारी अजय कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि एस.आई.एस. कम्पनी द्वारा सिक्योरिटी गार्ड के 500 पदों पर साक्षात्कार किया जाएगा। इसके लिए 19 से 40 वर्ष आयु वर्ग, न्यूनतम 168 सेंटीमीटर ऊंचाई, 56 से 90 किलो भार वर्ग तथा हाईस्कूल पास,फेल अथवा इंटर योग्यताधारी अभ्यर्थी आवेदन कर सकते हैं।उम्मीदवारों को अपना बायोडाटा एवं आधार कार्ड साथ लाना होगा।

# नीमा वाराणसी ब्रांच द्वारा आयोजित कार्यक्रम में आयुर्वेद दिवस के महत्व पर की गयी चर्चा

(संतोष कुमार सिंह)




**वाराणसी :-** राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस के अवसर पर 23 सितम्बर मंगलवार कों नीमा वाराणसी ब्रांच द्वारा एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें आयुर्वेद दिवस के महत्व पर चर्चा की गई अनेक बीमारियों पर आयुर्वेद द्वारा चिकित्सा पर एक व्याख्यान पेश हुआ कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉक्टर आरके यादव ने किया तथा कार्यक्रम का संचालन डॉक्टर विनय कुमार पांडे ने किया मुख्य वक्ता के रूप में डॉक्टर प्रेमचंद गुप्ता थे तथा साथ में डा. एसएन पांडेय रहे। कार्यक्रम में नीमा वाराणसी ब्रांच के अनेक चिकित्सक उपस्थित थे डॉ सलिलेश मालवीय,डा.जेपी गुप्ता, डॉ.एम ए अजहर, डॉ विनोद कुमार सिंह,डॉ एस आर गुप्ता, डॉ एस आर सिंह,डॉ अनिल गुप्ता,डॉ अरुण गुप्ता,डॉ फैसल रहमान,डॉ रोशन अली,डॉ डी एन सिंह सहित लगभग 50 चिकित्सकों की उपस्थिति रही।

# विशाल कपूर भारत विकास परिषद काशी प्रदेश प्रांत के विकास रत्न बने

(संतोष कुमार सिंह)



**वाराणसी :-** पूर्वांचल की प्रतिष्ठित सबसे पुरानी विद्युत उपकरणों की फर्म एल एन कपूर एंड कम्पनी बाँसफाटक,शहर के प्रमुख युवा व्यवसायी,प्रमुख समाजसेवी विशाल कपूर,भारत विकास परिषद काशी प्रदेश प्रांत के विकास रत्न बनें यह सम्मान भारतवर्ष में कुछ ही व्यक्तियों को प्राप्त है प्रांतीय अध्यक्ष अजीत मेहरोत्रा ने बताया कि इस साल 25-26 में काशी प्रांत से विशाल कपूर 6वें विकास रत्न एवं भारत विकास परिषद ह्लकाशीह्व शाखा के द्वितीय विकास रत्न बने हैं। प्रमुख समाजसेवी विशाल कपूर शहर की विभिन्न संस्थाओं में अपनी सेवाएँ दे रहे हैं जिला रायफल क्लब में आजीवन सदस्य, रेड क्रॉस सोसायटी के आजीवन सदस्य, काशी इलेक्ट्रिकल कांट्रैक्टर्स एसोसिएशन के महामंत्री,इलेक्ट्रिकल कॉन्ट्रैक्टर ऐंड मर्चेंट्स वेल्फेयर एसोसिएशन उत्तर प्रदेश के आजीवन सदस्य,खत्री हितकारणी सभा के मंत्री,वाराणसी नगर उद्योग व्यापार समिति में कार्यकारिणी सदस्य,वर्तमान में आप भारत विकास परिषद काशी प्रांत में संस्कार के गतिविधि संयोजक हैं आपके नेतृत्व में भारत को जानो प्रतियोगिता,राष्ट्रीय समूह गान प्रतियोगिता, गुरु वंदन छात्र अभिनंदन कार्यक्रम पूरे काशी प्रांत में प्राथमिकता से हो रहा है इनके विकास रत्न बनने से शहर के प्रमुख लोगों में उत्साह का माहौल है। शुभकामनाओं देने वालों में काशी प्रांत के अध्यक्ष अजीत मेहरोत्रा ,संरक्षक ब्रम्हानंद पेशवानी,मनीष अग्रवाल,राकेश ढोढी , प्रवीण पटेल नामित पारिख दिनेश गर्ग,अदिति अग्रवाल,अमित अग्रवाल,मनोज शाह,आलोक कपूर,रवि जायसवाल ,सुनील सिन्हा,प्रमोद दुबे,सुमन अग्निहोत्री,प्रमोद राम त्रिपाठी ,सीए मुकुल शाह सहित इत्यादि लोगों ने शुभकामनाएं दी।

# भाजपा नेता एस.जायसवाल ने पंडालों मे मातारानी के पट को खोलकर किया शुभारंभ, भक्तों ने की पूजा अर्चना

**असदुल्लाह सिद्दीकी**

**शोहरतगढ़/सिद्धार्थनगर।** शारदीय नवरात्रि के पावन पर्व पर शोहरतगढ़ विधानसभा में धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन धूमधाम से किया जा रहा है। भाजपा वरिष्ठ नेता,समाजसेवी एवं गरीबों के मसीहा श्याम जायसवाल ने मंगलवार की देर शाम 302 शोहरतगढ़ विधानसभा के ग्राम सभा मस्जिदिया के टोला पिपरी कुटवा, पिपरी बाजार, मदरहिया, पकड़ी सहित तमाम जगहों के माता रानी के पंडालों में पहुंचकर मां भगवती का आशीर्वाद लिया और माता रानी का पट खोलकर विधिवत शुभारंभ किया। इस दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे और जयकारों से वातावरण गुंजायमान हो उठा। कार्यक्रम की शुरूआत वैदिक मंत्रोच्चारण और पूजा-अर्चना के साथ हुई। समाजसेवी श्याम जायसवाल ने मां दुर्गा की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर समाज में सुख-शांति, समृद्धि और आपसी भाईचारे की कामना की। उन्होंने उपस्थित लोगों को नवरात्रि की हार्दिक शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि नवरात्रि का पर्व शक्ति और भक्ति का प्रतीक है। यह पर्व हमें आत्मबल बढ़ाने और सच्चाई के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। वहीं श्याम जायसवाल ने पण्डाल कमेटी के सभी सदस्यों को अंग वस्त्र देकर उनका आभार व्यक्त किया।भाजपा वरिष्ठ नेता श्याम जायसवाल ने पंडाल के आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के धार्मिक आयोजन समाज को एकजुट करते हैं और सामाजिक सद्भाव का संदेश देते हैं। उन्होंने पंडाल समिति को हर संभव सहयोग का आश्वासन भी दिया। इस अवसर पर प्रधान सरवन जायसवाल, प्रधान पंकज कुमार, प्रधान नकछेद, सुनील, भगवानदास चौहान, विशाल यादव, धीरज आदि लोग मौजूद रहे। सभी ने माँ दुर्गा के चरणों में नमन कर क्षेत्र की खुशहाली और समृद्धि की प्रार्थना की।




# जीएसटी 2.0 लागू - नवरात्रि और टैक्स कटौती के पहले दिन उपभोक्ताओं का उत्साह चरम सीमा पर

**(संतोष कुमार सिंह)**

**वाराणसी :-** भारतीय उपभोक्ताओं और कारोबारियों के लिए एक ऐतिहासिक तिथि बन गई नवरात्रि की पहली पूजा के दिन मोदी सरकार ने जीएसटी 2.0 को लागू कर लोगों को ऐसा तोहफा दिया, जिसने त्योहारी सीजन की रौनक को दोगुना कर दियो सुधारित कर व्यवस्था ने जहां कीमतों को कम किया और स्लैब को सरल बनाया, वहीं दैनिक आवश्यक वस्तुओं पर मिली राहत ने आम आदमी को उत्सव मनाने का सीधा कारण दियो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इसे भारत के लोगों को समर्पित सुधार करार दिया और वाकई यह नीति परिवर्तन से अधिक एक उत्सव का उपहार साबित हुआ ऑटोमोबाइल सेक्टर में इसकी गूंज सबसे ज्यादा सुनाई दी।

छोटी सब-4 मीटर कारों को 18 प्रतिशत स्लैब में स्थानांतरित किया गया और मुआवजा उपकर को पूरी तरह हटा दिया गया। इसका असर तुरंत दिखा,मारुति ने पहले ही दिन 80,000 इंक्वायरी दर्ज की और 30,000 कारें डिलीवर कीं,जो कंपनी के 35 साल के इतिहास में एक दिन का सबसे बड़ा रिकॉर्ड रहा हुंडई की डीलर बिलिंग 11,000 तक पहुंच गई,जो पांच साल में सबसे अधिक थी। वहीं, टाटा मोटर्स ने 10,000 कारों की डिलीवरी की और 25,000 से अधिक पूछताछ दर्ज कीं आम परिवारों के लिए यह लंबे समय से अधूरे सपनों को पूरा करने का अवसर बन गया और कार खरीदना नवरात्रि की पूजा का हिस्सा बन गया। डिजिटल बाजारों में भी उत्साह कम नहीं था फ्लिपकार्ट और अमेजन ने अपने लॉयल्टी प्रोग्राम उपभोक्ताओं के लिए फेस्टिव सेल की शुरूआत की और जीएसटी छूट के चलते ब्रांडों को मजबूत शुरूआत मिली फैशन ब्रांडों की बिक्री में 15 से 20 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई, जबकि घरेलू सामान की ऑनलाइन खरीद में रिकॉर्ड उछाल आयो स्निच जैसे फैशन ब्रांडों की बिक्री में 40 प्रतिशत की बढ़ोतरी देखी गई। इलेक्ट्रॉनिक्स सेक्टर में भी जीएसटी 2.0 का सीधा असर दिखाई दियो स्प्लिट एसी की कीमतें 3,000 से 5,000 रुपये तक घटीं,वहीं बड़े आकार के महंगे टीवी पर 85,000 रुपये तक की कटौती हुई कंपनियों ने बिक्री में जबरदस्त इजाफा दर्ज किया हायर ने एक सामान्य सोमवार की तुलना में लगभग दो गुना बिक्री की, जबकि ब्लू स्टार ने पिछले साल के मुकाबले 20 प्रतिशत ज्यादा उत्पाद बेचे टीवी की बिक्री भी उछाल पर रही और 43 व 55 इंच सेगमेंट में 30 से 35 प्रतिशत तक की वृद्धि दर्ज की गई। त्योहारी सीजन की यह धमाकेदार शुरूआत उपभोक्ताओं के लिए बचत और खरीदारी का नया पर्व बन गई। कारों और इलेक्ट्रॉनिक्स से लेकर किराना और फैशन तक हर क्षेत्र में मांग बढ़ी और दुकानों से लेकर ऑनलाइन प्लेटफॉर्म तक हर जगह भीड़ उमड़ पड़ी जीएसटी 2.0 सिर्फ एक कर सुधार नहीं,बल्कि एक ऐसा उत्सव बन गया जिसने भारतीय अर्थव्यवस्था और उपभोक्ता भावना दोनों को नई ऊर्जा दी प्रधानमंत्री मोदी के शब्दों में कहें तो यह वास्तव में भारत के लोगों के लिए दिवाली का असली उपहार साबित हुआ।

# पोखरे में मिला पन्द्रह वर्षीय किशोरी का शव, हत्या की आशंका

**असदुल्लाह सिद्दीकी**



**कठेला/सिद्धार्थनगर।** कठेला समय माता थाना क्षेत्र के खैरा गांव में सोमवार से लापता 15 वर्षीय किशोरी आंचल का शव मंगलवार को गांव के पोखरे में मिलने से हड़कंप मच गया। इस घटना से पूरे गांव में शोक का माहौल है और परिवार में मातम पसरा हुआ है। जानकारी के अनुसार, आंचल सोमवार दोपहर से अपने घर से लापता थी। परिजनों और ग्रामीणों ने उसकी तलाश के लिए पूरी रात तलाशी अभियान चलाया, लेकिन वह नहीं मिली। मंगलवार की सुबह जब गांव के पोखरे में उसका शव मिला, तो इलाके में सनसनी फैल गई। कठेला समय माता थानाध्यक्ष अभय सिंह ने बताया कि सूचना मिलने के बाद पुलिस टीम ने तत्काल घटनास्थल पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है। फील्ड यूनिट की मदद से महत्वपूर्ण साक्ष्य जुटाए गए हैं और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पुलिस फिलहाल परिजनों और ग्रामीणों से पूछताछ कर रही है। किशोरी की मौत किन परिस्थितियों में हुई है, इसका सही कारण पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट हो पाएगा। पुलिस हर एंगल से मामले की जांच कर रही है।

# प्रापर्टी के लिए बेटी और दामाद ने किया पिता का कत्ल, एएसपी ने मामले का किया खुलासा

**असदुल्लाह सिद्दीकी**

**सिद्धार्थनगर।** खेसरहा थाना क्षेत्र के गेंगटा में बुजुर्ग शिवपूजन लोधी की गला घोंटकर हत्या के मामले का खेसरहा पुलिस ने मंगलवार को पदार्फाश किया। बेटी और दामाद ही कातिल निकले। पुलिस के मुताबिक बुजुर्ग के दूसरी महिला लाने और संपत्ति हाथ से निकल जाने की आशंका में हत्या की गई। पुलिस ने दोनों को क्षेत्र के कुड़जा गांव के पास से दबोच लिया। पुलिस लाइंस सभागार में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में एएसपी प्रशांत कुमार प्रसाद ने बताया कि 19 सितंबर को खेसरहा थाना क्षेत्र के गेंगटा के पास खेत में शिवपूजन लोधी निवासी कोटिया पांडेय थाना खेसरहा जनपद सिद्धार्थनगर की अज्ञात व्यक्तियों ने निर्मम



हत्या कर दी थी। इस मामले में हत्या का केस दर्ज कर पुलिस जांच कर रही थी। खेसरहा थानाध्यक्ष अनूप कुमार मिश्र और सर्विलांस पुलिस को हत्या से जुड़ी अहम कड़ी हाथ लगी, जिसके सहारे आगे बढ़ी तो लीड मिली और घटना करने का मोटिव सामने आ गया। इसमें मृतक की बेटी और दामाद के हत्या कारित करने का ठोस कारण मिल गया। इसमें वैज्ञानिक, इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्यों का संकलन किया गया, साक्ष्यों के आधार पर घटना कारित करने वाले प्रकाश में आए दामाद मनोज और कविता पत्नी मनोज निवासी कोटिया पांडेय थाना खेसरहा मंगलवार को क्षेत्र के कुड़जा से गिरफ्तार कर कड़ाई से पूछताछ की गई। उन्होंने संपत्ति न मिलने और दूसरी पत्नी लाने की आशंका के कारण बुजुर्ग की हत्या की बात कबूल ली। आरोपियों ने बताया कि शिवपूजन अपनी संपत्ति उन्हें देने से मना कर रहे थे। वह दूसरी महिला से विवाह की योजना बना रहे थे। 19 सितंबर की रात खेत में बने मचान पर शिवपूजन से संपत्ति और दूसरी शादी को लेकर विवाद हुआ। मृतक के डांटकर भगा देने पर नाराज बेटी और दामाद ने पत्थर और जूते से उनकी हत्या कर दी। आरोपियों का मकसद संपत्ति पर अकेले अधिकार जमाना था।

# तौकीर रजा के ऐलान से पहले बरेली में अलर्ट

**वेलकम इंडिया/खालिद खान**

**बरेली।** इस्लामिया ग्राउंड में मौलाना तौकीर रजा द्वारा शुक्रवार को प्रस्तावित बड़े प्रदर्शन के ऐलान ने जिले का माहौल गर्मा दिया है। पुलिस प्रशासन ने इसे गंभीरता से लेते हुए पहले से लागू धारा-144 को बदलकर भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता-2023 की धारा-163 लागू कर दी है। यह आदेश 27 सितंबर 2025 तक प्रभावी रहेगा। एसएसपी अनुराग आर्य ने साफ चेतावनी दी है ह्लकानून व्यवस्था से खिलवाड़ किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं होगा। खुराफात करने वालों पर कड़ी कार्रवाई तय है।

बिना अनुमति सभा-जुलूस पर रोक नए आदेश के तहत जिले में कोई भी जनसभा, शोभायात्रा, जलसा, उर्स, कथा, कीर्तन या जागरण बिना अनुमति नहीं हो सकेगा। यहां तक कि सार्वजनिक स्थान पर पांच से अधिक लोग भी बिना अनुमति एकत्र नहीं हो पाएंगे। सरकारी प्रतिष्ठानों पर होने वाले कार्य इस आदेश से बाहर रखे गए हैं। एडीएम सिटी सौरभ दुबे ने कहा कि आदेश लागू रहने तक भड़काऊ लेख, पोस्टर, पर्चे और भाषण पूरी तरह प्रतिबंधित रहेंगे। धार्मिक उन्माद फैलाने, अफवाह उड़ाने या सांप्रदायिक माहौल बिगाड़ने वालों पर सीधी कार्रवाई होगी। सोशल मीडिया की भी निगरानी तेज कर दी गई है।

**कानून तोड़ने वालों पर शिकंजा:** डीएम ने स्पष्ट किया कि आदेश का उल्लंघन करने वालों पर भारतीय न्याय संहिता-2023 की धारा-223 (पूर्व में धारा-188 भा.दं.सं.) के तहत मुकदमा दर्ज होगा। सभी थाना प्रभारियों को निर्देशित किया गया है कि उल्लंघन की सूचना मिलते ही तुरंत कार्रवाई करें। प्रशासन की पैनी नजर, सुरक्षा कड़ीसूत्रों के अनुसार, संवेदनशील इलाकों में ड्रोन कैमरों से निगरानी की जा रही है और पुलिस गश्त बढ़ा दी गई है। खुफिया विभाग को लगातार अलर्ट रहने के निर्देश मिले हैं। शहर में पहले से ही तनावपूर्ण माहौल है और प्रशासन पूरी तरह सतर्क है।

**बड़ा सवाल : टकराव या संवाद**

मौलाना तौकीर रजा के प्रस्तावित प्रदर्शन ने शहर की राजनीति और समाज दोनों को हिला दिया है। समर्थक जुटान की तैयारी कर रहे हैं, तो प्रशासन टकराव रोकने की रणनीति बना रहा है। आने वाला शुक्रवार बरेली की कानून-व्यवस्था की सबसे बड़ी परीक्षा बन सकता है।जनता की निगाह अब इसी पर टिकी है कि इस्लामिया ग्राउंड का यह ऐलान शहर में शांति का संदेश देगा या हालात बिगाड़ देगा।

# यूपी में नोकरी और हक अधिकार मागने वालों को मिलती हैं सिर्फ पुलिस की लाठियां : पं० गोपाल शर्मा प्रदेशाध्यक्ष



**वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह**

**हापुड़ यूपी:** ऑल इंडिया हिन्दुस्तान काँग्रेस पार्टी उत्तर प्रदेश के प्रदेशाध्यक्ष पंडित गोपाल शर्मा ने जारी बयान में कहा कि यूपी में नौजवानों को बढ़ती बेरोजगारी के चलते नोकरी मांगने पर नौकरी तो मिलती है नहीं मिलती है सिर्फ नौजवानों को पुलिस की लाठियां जो कि बेहद ही दुर्भाग्यपूर्ण है ! यूपी में एग्जाम पेपर से पहले ही नकल माफिया पेपर लीक कर देते हैं जबकि यूपी सरकार हाथ पे हाथ धरे देखती रहती हैं! उधर यूपी के बिजनौर में किसान ने मामूली कर्ज और साहूकारों के दबाब के कारण आत्महत्या कर ली पूर्व में भी बिजनौर के किसान ने परिवार सहित कर्ज और साहूकारों के दबाब के कारण आत्महत्या की !हापुड़ मेरठ बिजनौर मुरादाबाद सहित प्रदेश में किसानों और नौजवानों की स्थिति दिन-प्रतिदिन खराब हो रही हैं! ऑल इंडिया हिन्दुस्तान काँग्रेस पार्टी यूपी किसानों और नौजवानों के सम्मान और हक अधिकार के लिए संघर्ष करती रहेगी!

# नगर पंचायत रानीगंज में लोक कल्याण मेला का किया गया आयोजन

**विजय द्विवेदी वेलकम इन्डिया**

दिनांक 23 सितम्बर 2025 प्रतापगढ़। नगर निकायो में पीएम स्वनिधि योजनान्तर्गत दिनांक 17 सितम्बर से 02 अक्टूबर, 2025 तक 16 दिवसीय विशेष अभियान ह्लोक कल्याण मेलेह्न आयोजित किये जाने के निर्देश के क्रम में नगर पंचायत रानीगंज में ह्लोक कल्याण मेले का आयोजन किया गया। यह मेला 17 सितम्बर से 02 अक्टूबर, 2025 तक चलने वाले स्वच्छता पखवाड़े के तहत आयोजित हुआ। इस अवसर पर ईओ रानीगंज महेन्द्र कुमार सिंह ने बताया कि लोक कल्याण मेले का मुख्य उद्देश्य नागरिको को विभिन्न सरकारी योजनाओ की जानकारी देना और लाभ पहुँचाना है। इसमें सफाई कर्मचारियों को प्रशिक्षण देने



के साथ-साथ उनका स्वास्थ्य परीक्षण भी किया गया और साथ ही मेले में प्रधानमंत्री स्वनिधि ऋण योजना, प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना, फेमली आईडी और स्ट्रीट फूड वेण्डर्स योजनाओं जैसी प्रमुख योजनाओं पर विशेष ध्यान दिया गया। नगरिको को इन योजनओं से जोड़ने के लिये अलग-अलग डेस्क स्थापित किये गये, जहाँ पर प्रशिक्षित कर्मचरियों द्वारा आवेदन पत्र भरवाने में सहायता प्रदान की जा रही थी। मेले में स्ट्रीट फूड वेण्डरों को स्वच्छता सम्बन्धी विशेष प्रशिक्षण दिया गया तकि वे मानक के अनुरूप सुरक्षित खाद्य परोस सके। विभिन्न बैंको के प्रतिनिधियों द्वारा प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के तहत ऋण सुविधाएँ उपलब्ध कराई साथ ही नगरिको को डीजिटल भुगतान प्रणाली के लाभों के बारे में भी जानकारी दी गयी।

# किशोरी को बहला-फुसलाकर ले गया युवक, परिजनों पर गाली-गलौज और मारपीट का आरोप

**वेलकम इंडिया/सुनील गुप्ता**

**बरेली।** थाना बारादरी क्षेत्र से एक किशोरी को बहला-फुसलाकर ले जाने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। परिजनों का आरोप है कि किशोरी को पड़ोस का युवक अपने साथियों की मदद से अज्ञात स्थान पर छुपा कर ले गया है। शिकायत करने पर आरोपियों ने परिजनों से गाली-गलौज कर मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित परिवार ने पुलिस से किशोरी की बरामदगी और आरोपियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, बीते 20 सितंबर को शाम करीब साढ़े पांच बजे 16 वर्षीय किशोरी घर से यह कहकर निकली थी कि वह अपनी मां के पास काम पर जा रही है। देर रात तक जब वह घर नहीं लौटी तो परिजनों को चिंता हुई। तलाश करने पर भी कोई सुराग नहीं मिला।

युवक पर अपहरण का आरोप

अगली सुबह परिजनों को जानकारी मिली कि मोहल्ले का युवक अमित राठौर किशोरी को बहला-फुसलाकर ले गया है। जब परिजन जानकारी लेने युवक के घर पहुंचे तो उसके परिजनों ने गाली-गलौज कर भगा दिया। परिजनों का आरोप है कि युवक के दोस्त ने भी पूरी साजिश में मदद की। दोनों ने मिलकर किशोरी को कहीं अज्ञात स्थान पर छुपा दिया है।

मारपीट और धमकी

जब परिजनों ने फिर से किशोरी के बारे में जानकारी लेनी चाही तो आरोपी युवक, उसका दोस्त और 4-5 अन्य लोग आगबबूला हो गए। उन्होंने परिजनों से गाली-गलौज कर मारपीट की और धमकी दी कि अगर दोबारा तलाश करने आए तो उन्हें मौत के घाट उतार देंगे और लाश तक नहीं मिलेगी।

पुलिस जांच में जुटी

पीड़ित परिवार ने बारादरी थाने में लिखित तहरीर देकर किशोरी की बरामदगी और आरोपियों पर कानूनी कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# इंटरनेशनल पीस अवॉर्ड से सम्मानित हुए समाज सेवक डॉ जावेद फारूकी




**एहसान अंसारी**

**नई दिल्ली:** दिल्ली के मालवीय नगर के रहने वाले प्रसिद्ध समाज सेवक लोक जनशक्ति रामविलास पार्टी के नेता डॉ जावेद फारूकी को इंटरनेशनल पीस अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। अवॉर्ड से सम्मानित होकर जावेद फारूकी ने खुशी का इजहार किया और कहा ये सम्मानित अवार्ड हम अपने पारी परिवार पत्नी बेटी और दोस्तो को समर्पित करता हूं मुझे हमेशा से समाज में सामाजिक कार्य करने का जो ताकत सपोर्ट हिम्मत ऊर्जा मिलता है ये सब मेरे दोस्त और परिवार के बदौलत ही है इसलिए में अपना अवॉर्ड समर्पित करता हूं। में जब तक इस दुनिया में रहूंगा सदैव इंसाफ हक और लोगो की सेवा करता रहुगा जो हमसे संभव होगा। हम तो एक इंसान है हम ऊपर वाले का शुक्रिया अदा करते है जो मुझे उस लायक बनाया दूसरों की मददगार बनकर उसका मदद कर पाऊं।

# बिहार बांका जिला के प्रसिद्ध समाज सेवक औंकार यादव की चर्चा दिल्ली में एजेंसी

**वेलकम इंडिया**

**नई दिल्ली:** बिहार विधानसभा चुनाव तारीख का ऐलान जल्द ही होने वाली है। चुनाव आयोग अक्टूबर के फर्स्ट विक ही प्रैस कांफ्रेंस कर सकते है। पार्टी में चाहे एनडीए हो या महागठबंधन दोनों के सहयोगी दलों में कई पेंच फंसा है। नीतीश कुमार को ज्यादा से ज्यादा सीटों पर चुनाव जीतकर सत्ता में वापसी चाहते है तो वहीं तेजस्वी यादव को सीएम बनने के लिए कई कसर नहीं छोड़ना चाहते है। पार्टी हर एक सीट पर सर्वे कर रही है। 2020 विधानसभा चुनाव में जदयू अपने 122 सीटों पर उम्मीदवार को उतारा था लेकिन सिर्फ 43 सीट पर जीत मिली थी पार्टी को भारी नुकसान हुआ। 2025 विधानसभा चुनाव में जदयू नीतीश



कुमार कोई गलती नहीं करना चाहते है अपने हर एक विधायक के 5 साल के कार्यकाल को सर्वे कर रहे है हर एक सीट पर बारीकी से पब्लिक ओपिनियन ले रहे है क्या विधायक से पब्लिक कितना खुश है उनके कार्यकाल में कितना संतुष्ट है। वही बांका जिला के बेलहर विधानसभा सीट पर इन दिनों चर्चा काफी तेज है इस सीट पर वर्तमान में जदयू से मनोज यादव विधायक है पूर्व एमएलसी रह चुके है 2020 में विधानसभा सीट से टिकट लेकर आए और राजद के उम्मीदवार रामदेव यादव को पराजित करके विधायक बने। इस बार इसी सीट पर जदयू के वरिष्ठ नेता प्रसिद्ध समाज सेवक औंकार यादव भी टिकट के लिए उम्मीदवारी पेश कर चुके है। ओंकार यादव हमेशा पार्टी के लिए एक समर्पित कार्यकर्ता नेता रहे है बांका में जदयू को हर एक सीट चाहे विधानसभा चुनाव हो या एमएलसी या चाहे लोकसभा हो पार्टी के लिए जीत की अहम भूमिका निभाते है। 25 सितंबर को बेलहर विधानसभा चांदन में हाइ स्कूल में एनडीए कार्यकता सम्मेलन का आयोजन रखा गया है ओंकार यादव की तरफ से पूरी तैयारी किया जा है अब देखना दिलचस्प होगा दुर्गा के बाद बेलहर सीट किसके भाग्य में जाता है क्या पार्टी वर्तमान विधायक मनोज यादव को फिर से अपना उमीदवार बनाते है या फिर पार्टी ओंकार यादव को पर भरोसा करते हैं ये देखना दिलचस्प होगा।

# मिशन शक्ति: एक दिन के लिए प्रधानाध्यापक बनी कक्षा पांच की छात्रा प्रिया

वेलकम इंडिया



**मथुरा/बलदेव।** महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलम्बन के कार्यक्रम ³मिशन शक्ति³ के पांचवें चरण के अंतर्गत विकास खंड बलदेव के प्राथमिक विद्यालय बलरामपुर में आज नारी सशक्तीकरण का संदेश देने के उद्देश्य से अनूठी पहल कर एक दिन के लिए मेधावी छात्रा प्रिया को विद्यालय का प्रधानाध्यापक बनाया गया। कुछ इसी तरह हिंदी फिल्म नायक में भी अनिल कपूर को एक दिन का सीएम बनाया गया था। छात्रा प्रिया ने प्रधानाध्यापक के रूप में अपने सभी दायित्वों को बखूबी निभाते हुए विद्यालय में अध्ययनरत छात्रों को प्रोत्साहित किया। मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत आज छात्रा प्रिया को प्रधानाध्यापक डॉ जगदीश पाठक ने एक दिन का प्रधानाध्यापक बनाकर शैक्षिक कार्यो का दायित्व सौंपा और प्रधानाध्यापक बनी छात्रा को प्रधानाध्यापक की कुर्सी पर बैठाकर प्रधानाध्यापक डॉ जगदीश पाठक साइड कुर्सी पर बैठे।

एक दिन की प्रधानाध्यापक बनने के बाद प्रिया ने सबसे पहले प्रार्थना सभा में विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए, उन्हें नियमित और समय से विद्यालय आने के लिए प्रेरित किया, उन्होंने छात्रों से खुद स्वच्छ रहकर विद्यालय को भी स्वच्छ बनाने की अपील की। उन्होंने कक्षा कक्ष, मिड डे मील, अध्यापक और छात्र-छात्राओं की उपस्थिति पंजिका का भी अवलोकन किया। इस अवसर पर उन्होंने बच्चों को साफ-सफाई के प्रति जागरूक करते हुए पूरे दिन अपने सभी कार्यों को पूरी कुशलता व निर्भीकता के साथ निभाया। बातचीत में एक दिन की प्रधानाध्यापक बनीं प्रिया ने कहा कि यह उनके जीवन का सबसे यादगार दिन है, उन्होंने इस अवसर को भविष्य में वास्तविक रूप में हासिल करने की इच्छा जताई। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक डॉ जगदीश पाठक ने छात्रा प्रिया की कार्यशैली की सराहना करते हुए उम्मीद जताई कि इससे सभी छात्रों में अनुशासन और शिक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ेगी।

डॉ पाठक ने बताया कि हमारे समाज में नारी के हर रूप को देवी के रूप में पूजा जाता है, लेकिन बच्चियों, किशोरियों और महिलाओं पर होने वाले अत्याचार और अपराध निंदनीय हैं। उन्होंने कहा कि भविष्य में भी बेटियों को आगे बढ़ाने के लिए इस तरह की पहल जारी रहेगी। नेतृत्व क्षमता का विकास करने के उद्देश्य से एक दिन की प्रधानाध्यापक बनी प्रिया पढ़ाई में अच्छी हैं और काफी सक्रिय हैं। वह विद्यालय की पाठ्य सहगामी गतिविधियों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेती हैं। इसलिए प्रधानाध्यापक की ओर से प्रिय को कार्यवाहक प्रधानाध्यापक बनाया गया है। उन्होंने बताया कि बालिका दिवस पर एक दिन का प्रधानाध्यापक बनाने के पीछे में उद्देश्य यही है की इसके माध्यम से बालिकाओं में पढ़ने की ललक बढे, आत्मविश्वास में वृद्धि हो और उन्हें वह सभी अधिकार मिले जिनसे अभी तक वह वंचित रही। इस आयोजन में विद्यालय की शिक्षिका बिन्दु शर्मा, शिक्षा अचल कुमार, आंगनबाड़ी कार्यकत्री पूजा देवी का सहयोग सराहनीय रहा।

# भारतीय किसान यूनियन सुनील के कार्यकताओं ने गोवर्धन तहसील का किया घिराव

वेलकम इंडिया




**मथुरा।** मंगलवार को भारतीय किसान यूनियन सुनील के कार्यकताओं/पदाधिकारियों ने विभिन्न समस्याओं के समाधान की मांग के लिए राष्ट्रीय महासचिव लक्ष्मण चौधरी, थान सिंह पहलवान के नेतृत्व में तहसील गोवर्धन का घेराव किया व समस्याओं के समाधान के लिए उप जिला अधिकारी गोवर्धन को ज्ञापन सोपा। भारतीय किसान यूनियन सुनील के कार्यकताओं करीब 3 घण्टे तक गोवर्धन तहसील में धरने पर बैठे रहे। कार्यकताओं ने जय जवान जय किसान, किसानों को डीएपी खाद दो, किसानों को मुआवजा दो, किसानों को न्याय दो, किसानों को जीने दो के गगन भेदी नारे लगाकर जोरदार प्रदर्शन किया। भारतीय किसान यूनियन सुनील के राष्ट्रीय प्रवक्ता पवन चतुर्वेदी, राष्ट्रीय महासचिव लक्ष्मण चौधरी ने कहा गोवर्धन तहसील में किसान डीएपी खाद के लिए दर-दर भटक रहा है, किसानों को डीएपी खाद नहीं मिल रहा, गोवर्धन तहसील के विभिन्न गांवों में जल भराव की समस्या विकराल रूप धारण किए हुए हैं, बरसात के पानी से जिन किसानों की फसल नष्ट हुई थी उन किसानों को तत्काल मुआवजा दिया जाए। गोवर्धन विधानसभा के गांव कोटा मौजा में रेलवे द्वारा किसानों की भूमि का अधिग्रहण किया जा रहा है जिसका उचित मुआवजा किसानों को नहीं मिल रहा। भारतीय किसान यूनियन सुनील के जिला अध्यक्ष मथुरा थान सिंह पहलवान, किसान नेता भगवान दास तौमर, नगर अध्यक्ष वृंदावन विनोद राजपूत ने कहा एक हफ्ते के अंदर सभी समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो गोवर्धन तहसील पर अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन होगा जिसकी सारी जिम्मेदारी जिला प्रशासन, गोवर्धन तहसील के अधिकारियों की होगी। धरना प्रदर्शन में प्रमुख रूप से मथुरा महानगर वरिष्ठ उपाध्याय, धर्मेंद्र पाठक, गोपी शर्मा, हरिओम चौधरी, प्रदेश सचिव उमेश चौधरी, गुड्डू लोहिया, राधेश्याम, बड़े पहलवान, विनोद, बेरु, लोकेंद्र, सुरेंद्र लवानिया, चंद्रपाल, चीकू चौधरी, लक्ष्मण चौधरी, सेटू सेठ आदि मौजूद थे।

# घास के लूटो में लगी आग परफायर ब्रिगेड टीम ने कड़ी मेहनत से किया काबू



वेलकम इंडिया

**बागेश्वर,** गोविन्द मेहता, तल्ला बिलौना में एक व्यक्ति के घास के गट्ठरों में अचानक आग लगने सेवहां अफरा तफरी मच गई। आसपास के लोगों ने आग पर काबू पाने का भरसक प्रयास किया पर आग की लपटें तेज होने लगी। जिसके बाद घटना की सूचनाफायर ब्रिगेड टीम को दी गई। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड टीम ने तत्काल मोर्चा संभाला। एफएसओ गोपाल सिंह रावत के नेतृत्व में फायर ब्रिगेड टीम तत्काल मौके पर पहुंची। जहां देवी दत्त पाण्डे निवासी तल्ला बिलौना बागेश्वर के गौशाला के बाहर एक घास एवं एक पराल के लूटे पर आग लगने से आग की लपटें आसझपास फैलने का खतरा बन गया था।

फायर सर्विस टीम ने तत्काल वॉटर टेंडर में लगे होजरील से पानी के प्रेसर के साथ लूटे की आग को नितंत्रित किया एवं आसपास के आवासीय क्षेत्र एवं मकानों मेंआग फैलाने से रोका। फायर टीम के त्वरित कार्यवाही के परिणामस्वरूप एक बड़ी अग्नि दुर्घटना की संभावना को रोका गया। जिसके बाद लोगों ने फायर ब्रिगेड टीम का आभार जताया। आग बुझाने वाली टीम में लीडिंग फायर मैन नवीन चंद, चालक चंद्र प्रकाश, सोहन लाल, अनिकेत सिंह, फायर वोमन पूजा, हिना, व दिव्याआदि मौजूद थे।

# मिशन शक्ति टीम ने खोई हुई बच्ची को एक घंटे में ढूंढ निकाला




वेलकम इंडिया

शिकारपुर/एक घंटे में बच्ची सकुशल बरामद की शिकारपुर क्राइम इंस्पेक्टर वीरेन्द्र कुमार सैनी व उपनिरीक्षक दीप्ति यादव द्वारा महिला सशक्तिकरण मिशन के पहले ही दिन एक बहुत बड़ी सफलता प्राप्त हासिल की है अदीबा उम्र पांच वर्ष की बेटी - रासिद निवासी मौहल्ला नवी करीम कस्बा कुई जनपद हापुड़ अदीबा की मां साहिबा पुत्री इकराम निवासी मौहल्ला मुफ्ती बाड़ा शिकारपुर में अपने मायके आयी थी तो बच्ची खेलते हुये कहीं निकल गई परिजनों की सूचना पर उपनिरीक्षक दीप्ती यादव व सहयोगी टीम में आरती शुक्ला प्रतिभा कुमारी.द्वारा बच्ची को एक घंटे के अन्दर सकुशल बरामद कर परिजनों के सुपुर्द किया परिजनों में खुशी का माहौल समस्त पुलिस स्टाफ का शुक्रिया अदा किया।

# सीआईएसएफ और एम पावर के बीच समझौता तीन वर्ष के लिए बढ़ा

**मथुरा।** सीआईएसएफ द्वारा आदित्य बिड़ला एजुकेशन ट्रस्ट के एम पावर के साथ समझौता तीन वर्ष के लिए बढ़ाया गया है। मथुरा रिफाइनरी की सुरक्षा में तैनात सीआईएसएफ के कमाण्डेंट डॉ. नीरज भारती ने बताया कि एम पावर द्वारा प्रोजेक्ट मन 21 शहरों में परामर्शदाता उपलब्ध कराएगा, जिससे सीआईएसएफ कर्मियों और उनके परिवारों को व्यापक लाभ प्राप्त होगा। केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल ने 11 सितंबर को आदित्य बिड़ला एजुकेशन ट्रस्ट (एबीईटी) के अंतर्गत आने वाले मानसिक स्वास्थ्य सामाजिक उद्यम एम पावर के साथ एक समझौता ज्ञापन (एम.ओ.यू.) पर औपचारिक रूप से हस्ताक्षर कर इसे तीन वर्षों के लिए बढ़ा दिया है। यह विस्तार नीरजा बिड़ला द्वारा स्थापित एम पावर के साथ किया गया। इस पहल को वर्ष 2022 में औपचारिक रूप से शुरू किया गया था। औपचारिक मानसिक स्वास्थ्य पहल प्रोजेक्ट मन के सफल कार्यान्वयन के बाद यह कार्यक्रम हुआ है। समझौता ज्ञापन पर औपचारिक रूप से प्रणीता शेख, प्रेसिडेंट एम पावर और सुधा संगील, वाइस प्रेसिडेंट संसाधन ने हस्ताक्षर किए। प्रोजेक्ट मन के लिए प्रारंभिक समझौता ज्ञापन पर सीआईएसएफ और एम पावर ने नवंबर 2024 में एक वर्ष के लिए हस्ताक्षर किए थे। पिछले एक वर्ष के दौरान लगभग 75,000 से अधिक सीआईएसएफ कर्मियों और उनके परिवारों को पेशेवर सेवाओं का लाभ मिला है। वर्ष 2024 और 2025 में सीआईएसएफ में आत्महत्याओं की राष्ट्रीय संख्या में कमी देखी गई है।

# कल्याणं करोति द्वारा नवरात्रि पर्व पर कन्या लांगुरिया पूजन का आयोजन किया गया

वेलकम इंडिया



**मथुरा।** श्री महाराजा अग्रसेन जयंती 2025 के पावन अवसर पर, कल्याणं करोति, मथुरा द्वारा संचालित सम्बल विशेष विद्यालय में अध्ययनरत विशेष बच्चों के लिए नवरात्रि पर्व पर कन्या लांगुरिया पूजन का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम कल्याणं करोति, कल्याण धाम के प्रांगण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान श्री गणेश जी और महाराजा अग्रसेन जी की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन से हुआ। विद्यालय के बच्चे उत्साहपूर्वक कार्यक्रम में भाग लेने के लिए उपस्थित थे। सम्बल विशेष विद्यालय बौद्धिक अक्षम, श्रवण बाधित और दृष्टि बाधित बच्चों की शिक्षा, प्रशिक्षण और पुनर्वास हेतु कार्यरत है। यह विद्यालय इन बच्चों को समाज की मुख्यधारा से जोड़ने और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के लिए निरंतर प्रयास कर रहा है। पूजन के दौरान बच्चों ने सामूहिक रूप से भाग लिया, जिससे कार्यक्रम में एक सकारात्मक और प्रेरणादायक माहौल बन गया। बच्चों की सहजता, उत्साह और सहयोग को देखकर उपस्थित अतिथिगण भाव-विभोर हो उठे। हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि ये बच्चे शिक्षा और जीवन में समान अवसर प्राप्त करें। समाज के अधिक से अधिक लोग इन बच्चों के साथ सहयोग करें, ताकि उन्हें स्वावलंबी बनने और उज्ज्वल भविष्य की ओर बढ़ने का अवसर मिल सके। इस अवसर पर अनुराग मित्तल (जिला महामंत्री), श्री विनोद अग्रवाल, निखिल जैन (महानगर प्रभारी), बी.के. शुक्ला, आर.पी. प्रजापति, अभिषेक यादव, रविन्द्र सिंह, प्रधानाचार्य, सम्बल विषेष विद्यालय सहित अनेक गणमान्य उपस्थित रहे। विद्यालय प्रबंधन ने समाज से अपील की कि विशेष बच्चों की शिक्षा, स्वास्थ्य और पुनर्वास के लिए आर्थिक और सामाजिक सहयोग अत्यंत आवश्यक है। इस सहयोग से ही ये बच्चे आत्मनिर्भर बन सकते हैं और अपने जीवन में नए आयाम स्थापित कर सकते हैं। विद्यालय का उद्देश्य है कि समाज के प्रत्येक सदस्य को इस दिशा में भागीदार बनाया जाए ताकि किसी भी बच्चे को शिक्षा और विकास के अवसर से वंचित न रहना पड़े।

# मेले की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर नगर कोतवाली प्रभारी ने संभाला मोर्चा, लोगों को दिया सुरक्षा का भरोसा



वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह

हापुड़ नगर कोतवाली क्षेत्र के दिल्ली रोड पर स्थित रामलीला ग्राउंड में आयोजित श्री रामलीला महोत्सव व नवरात्रि त्यौहार को लेकर थाना हापुड़ नगर कोतवाली प्रभारी देवेंद्र बिष्ट पुलिस टीम के साथ रामलीला ग्राउंड पहुंचे और श्री रामलीला समिति द्वारा आयोजित मेले की व्यवस्था व सुरक्षा को लेकर पैदल ग्रस्त कर लोगों को सुरक्षा का भरोसा दिलाया और शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील की। इस दौरान भारी पुलिस बल को देखकर लोग सहम उठे। थाना प्रभारी देवेंद्र बिष्ट ने बताया कि रामलीला महोत्सव के दौरान पुलिस मुख्य रूप से यातायात प्रबंधन, भीड़ नियंत्रण, और शांति व सुरक्षा बनाए रखने पर ध्यान केंद्रित कर रही है आपातकालीन स्थितियों से निपटने के लिए हमारी तैयारी है अन्य असामाजिक तत्वों पर अंकुश लगाने के लिए हमारी पुलिस फोर्स लगातार मेले की सुरक्षा व्यवस्था को परख अपनी पैनी नजर बनाए हुए हैं।

# 9 अक्टूबर को आयोजित होने वाली महारैली को लेकर बसपा जिला अध्यक्ष ने की बैठक

वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह वरिष्ठ



**हापुड़।** मंगलवार को विधानसभा धौलाना मे बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री कु० मायावती के आदेशानुसार कांशी राम सहाब की पुण्यतिथि पर लखनऊ के कांशीराम स्मारक में 9 अक्टूबर को आयोजित होने वाली महारैली को लेकर जिला अध्यक्ष डॉ ए के कर्दम के नेतृत्व में पूर्व बसपा प्रत्याशी वासिद अली के कार्यालय पर बैठक का आयोजन किया गया। जिसके मुख्य अतिथि रवि जाटव (प्रभारी मेरठ मण्डल) गजेन्द्र फौजी प्रभारी मण्डल, सतीश प्रधान (जिला प्रभारी) मनोज सागर, आरिफ सैफी विधानसभा प्रभारी, बाबू सिंह (जिला कार्यकारणी सदस्य सतीश कश्यप जिला संयोजक उपस्थित हुए। बैठक में समाजवादी पार्टी छोड़कर मुस्लिम समाज के लोगों ने बसपा में आस्था रखते हुए बसपा की सदस्यता ग्रहण। जिला अध्यक्ष ने कहा कि बैठक का मुख्य उद्देश्य आगामी 9 अक्टूबर को लखनऊ में प्रस्तावित महारैली के लिए कार्यकर्ताओं को संगठित करना है और लोगो से अपील करते हुए सभी से महारैली में अपनी उपस्थिति दर्ज कराने और सर्व समाज में भाईचारा बनाए रखते हुए सबको साथ लेकर चलने का संदेश दिया। बसपा की सदस्यता ग्रहण करने वाले में इदरीश (प्रधान) धौलाना, आरिफ चौधरी कपूरपुर, दिलशाद प्रधान देहरा शाह आलम बझैडा कला, अबरार पूर्व प्रधान सदाकत फौजी, हाजी निजाम, शाकिर मुल्ला, सरताज सैफी, पप्पू राणा, मौसम अली मौ, शाबीर रहीसुद्दीन दिलशाद आदि लोगों ने सदस्यता ग्रहण की तथा लखनऊ में होने वाले महा परिनिर्वाण दिवस पर सैनिकों की संख्या में बसपा जिला अध्यक्ष ए के कर्दम को आश्वासन दिया कि नौ फरवरी काशीराम के महापरिनिर्वाण दिवस पर होने वाली रैली में धौलाना विधानसभा क्षेत्र से सैकड़ो की संख्या में लखनऊ में उपस्थित होंगें।

# मंदिर के कपाट बंद होने की सूचना पर पहुंचे थाना हापुड़ देहात प्रभारी, ताला खुलवाकर की पूजा अर्चना

वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह वरिष्ठ



हापुड़ जनपद के थाना हापुड़ क्षेत्र के मौहल्ला पन्नापुरी में सोमवार को एक मंदिर में मामूली कहासुनी व दो पक्षों के बीच हुई मारपीट के बाद मंदिर के पुजारी ने मोबाइल छीनने का आरोप थाना हापुड़ देहात पहुंच प्रभारी को तहरीर दी थी और थाना प्रभारी विजय कुमार गुप्ता ने घटना को लेकर निष्पक्ष जांच करने का आश्वासन दिया था लेकिन मंगलवार को उक्त घटना को लेकर नवरात्रि त्यौहार पर सुबह मंदिर का पट नहीं खुला। तो स्थानीय श्रद्धालु व महिलाएं नवरात्रि के दूसरे दिन माता की पूजा-अर्चना के लिए उत्साहित थीं, काफी परेशानी का सामना करना पड़ा और मंदिर के कपाट बंद की सूचना स्थानीय लोगों ने थाना हापुड़ देहात प्रभारी विजय कुमार गुप्ता को दी, सूचना मिलते ही थाना हापुड़ देहात प्रभारी विजय गुप्ता पुलिस टीम के साथ तुरंत मौके पर पहुंचे सुबह से ही मंदिर के बाहर श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए पुजारी की अनुपस्थिति में मोहल्लेवासियों से बातचीत के बाद घटना की पूरी जानकारी लेने पर थाना हापुड़ देहात प्रभारी विजय कुमार गुप्ता ने स्थिति को संभालते हुए तत्काल मंदिर का ताला खुलवाया और मंदिर में प्रवेश कर पुलिस और स्थानीय निवासियों ने मिलकर मंदिर परिसर की साफ-सफाई शुरू कर पूजा अर्चना की प्रतिक्रिया शुरू कराई। ताकि पूजा-अर्चना का कार्य बिना किसी देरी के शुरू हो सके। बताते चलें मंदिर में सोमवार को हुई कोई घटना को लेकर क्षुब्ध होकर मंदिर पुजारी ने मंगलवार को मंदिर के कपाट नहीं खोले थे। नवरात्री त्योहार को लेकर मंदिर के बाहर बढ़ती श्रद्धालुओं की भीड़ उपरांत सूचना पर पहुंच थाना हापुड़ देहात पुलिस ने मंदिर के कपाट खोल पूजा अर्चना कर स्थिति को संभाल लोगों को सुरक्षा का भरोसा दिलाते हुए शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील की।

# मेले की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर नगर कोतवाली प्रभारी ने संभाला मोर्चा, लोगों को दिया सुरक्षा का भरोसा



वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह वरिष्ठ

हापुड़ नगर कोतवाली क्षेत्र के दिल्ली रोड पर स्थित रामलीला ग्राउंड में आयोजित श्री रामलीला महोत्सव व नवरात्रि त्यौहार को लेकर थाना हापुड़ नगर कोतवाली प्रभारी देवेंद्र बिष्ट पुलिस टीम के साथ रामलीला ग्राउंड पहुंचे और श्री रामलीला समिति द्वारा आयोजित मेले की व्यवस्था व सुरक्षा को लेकर पैदल ग्रस्त कर लोगों को सुरक्षा का भरोसा दिलाया और शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील की। इस दौरान भारी पुलिस बल को देखकर लोग सहम उठे।

# एनएसएस इकाई सिद्धि विनायक महाविद्यालय का सेवा कार्य सराहनीय : कुलपति आशुरानी

वेलकम इंडिया



**मथुरा/गोवर्धन।** राष्ट्रीय सेवा योजना एनएसएस इकाई श्री सिद्दी विनायक महाविद्यालय में शासन और आगरा विश्वविद्यालय के द्वारा साइकिल रैली एवं स्वच्छता पखवाड़ा कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें आगरा विश्वविद्यालय से आयी प्रोफेसर टीम और साइकिल यात्रा का पुष्प वर्षा करके जोशीला स्वागत किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मुख्य अथिति डॉ. भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय की कुलपति आशुरानी ने की। एवं कार्यक्रम में विशिष्ट अथिति के रूप में परीक्षा नियंत्रक ओमप्रकाश एवं आईटी प्रभारी डॉ. मनु प्रताप सिंह रहे। महाविद्यालय के निदेशक नंद किशोर शर्मा और सचिव मधु शर्मा ने विश्वविद्यालय के अतिथियों के साथ मिलकर गणेश जी महाराज की पूजा अर्चना करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कायर्क्रम में मुख्य अतिथि आंसू रानी ने कहा कि सिद्धि विनायक महाविद्यालय का सेवा कार्य सराहनीय है। विश्वविद्यालय की साइकिल यात्रा विद्यार्थियों और समाज को आपस में जोड़कर नई दिशा प्रदान कर रही है। आगरा विश्वविद्यालय की परीक्षा नियंत्रक ओम प्रकाश सिंह ने कहा कि सिद्दी विनायक महाविद्यालय ने गोवर्धन क्षेत्र में किये शिक्षा के नए आयाम स्थापित किये है। साथ ही महाविद्यालय एनएसएस इकाई द्वारा किये जा रहे सामाजिक कार्य सराहनीय है। विश्वविद्यालय के चीफ प्रॉक्टर और आईटी प्रभारी डॉ मनु प्रताप सिंह ने स्वच्छता पखवाड़ा और साइकिल यात्रा के महत्व पर प्रकाश डाला। विपुल शर्मा एडवोकेट एवं सतीश शर्मा एडवोकेट ने सभी अथितियों को गडेश जी महाराज की तस्वीर एवं माला, पटुका उड़ाकर भव्य स्वागत किया। कायर्क्रम का संचालन एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी भारत उपाध्याय एडवोकेट एवं दिलीप यादव ने किया। प्राचार्य डॉ. अशोक कुमार शर्मा ने सभी का आभार व्यक्त किया।

# प्रभारी मंत्री/राज्यमंत्री, ग्राम्य विकास विभाग एवं समग्र ग्राम्य विकास, ग्रामीण अभियंत्रण विभाग, श्रीमती विजय लक्ष्मी गौतम जी की अध्यक्षता में विकास कार्यों/कानून व्यवस्था की समीक्षा बैठक हुई आयोजित

वेलकम इंडिया




**संतकबीरनगर।** प्रभारी मंत्री/राज्यमंत्री ग्राम्य विकास विभाग एवं समग्र ग्राम्य विकास, ग्रामीण अभियंत्रण विभाग, उ0प्र0 शासन एवं जनपद की प्रभारी मंत्री श्रीमती विजयलक्ष्मी गौतम द्वारा मा0 विधायक मेंहदावल अनिल त्रिपाठी, मा0 विधायक धनघटा गणेश चंद्र चौहान, पुलिस अधीक्षक संदीप कुमार मीना, प्रभारी जिलाधिकारी जय प्रकाश व मुख्य विकास अधिकारी जयकेश त्रिपाठी सहित समस्त जनपद स्तरीय अधिकारियों के साथ कलेक्ट्रेट सभागार में विकास कार्यों एवं कानून व्यवस्था की समीक्षा बैठक की गई।

समीक्षा बैठक में मा0 मंत्री श्रीमती विजय लक्ष्मी गौतम जी द्वारा जनपद के विभिन्न विभागों द्वारा विकास, निर्माण एवं अन्य लाभार्थीपरक योजनाओं में लक्ष्य के सापेक्ष प्रगति की विभागवार गहन समीक्षा की गयी। मा0 मंत्री जी ने समस्त अधिकारियों को निर्देशित करते हुये कहा कि केन्द्र एवं राज्य सरकार द्वारा आम जनमानस के स्वास्थ्य, शिक्षा, भरण पोषण, आवास आदि से सम्बन्धित जितनी भी योनजाएं चालू की गयी हैं, उन सबका लाभ प्रत्येक दशा में पात्र व्यक्तियों तक पहुंचना चाहिए। कोई भी पात्र लाभार्थी योजना के लाभ से वंचित न रहे तथा आम जनमानस में सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का प्रचार-प्रसार किया जाए। सम्बंधित विभागीय अधिकारीगण उनके विभाग से सम्बंधित योजनाओं के आच्छादन एवं प्रगति की गुणवत्ता का निरीक्षण गॉव में जाकर करते रहें तथा लाभार्थियों का फीड बैक भी अवश्य प्राप्त करे।

उन्होंने कहा कि जनपद को साफ-सुथरा, विकासशील एवं सुरक्षित रखने की जिम्मेदारी समस्त प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों की है, इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही पाए जाने पर संबंधित के विरुद्ध कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने कहा कि आप लोगों के ईमानदारी एवं निष्ठा पूर्वक अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने से ही जनपद का विकास होगा।

समीक्षा के दौरान मा0 विधायकगण द्वारा उनके क्षेत्र में विभिन्न विभागों से संबंधित स्थानीय समस्याओं से भी अवगत कराया गया जिस पर मा0 मंत्री जी ने संबंधित अधिकारियों को तत्काल समाधान कराने के निर्देश दिए तथा किसी भी समस्या अथवा बजट के अभाव आदि की स्थिति में स्वयं को अवगत कराने हेतु भी कहा। समीक्षा के दौरान मा0 मंत्री जी ने पीएम सूर्य घर-मुफ्त बिजली योजना में अधिक से अधिक रजिस्ट्रेशन करवाते हुए जनपद के अधिक से अधिक व्यक्तियों को योजना का लाभ दिलाए जाने के निर्देश अधिशाषी अभियंता विद्युत को दिए। उन्होंने कहा कि जनपद के जितने भी विद्यालयों में विद्युत का कनेक्शन नहीं है अथवा सुरक्षा के दृष्टिकोण से विद्युत तार/पोल आदि के शिफ्टिंग करने की आवश्यकता है, इसे गंभीरता से लेते हुए विद्युत विभाग आगामी 15 दिनों में कनेक्शन/शिफ्टिंग कर आख्या प्रस्तुत करें। शिक्षा विभाग की समीक्षा के दौरान माननीय मंत्री जी द्वारा जनपद के विद्यालयों में शिक्षकों की उपस्थिति, बच्चों की संख्या, शिक्षा की गुणवत्ता, पठन-पाठन सामग्री व मिड-डे-मील की गुणवत्ता व निरंतरता आदि के बारे में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी से जानकारी प्राप्त करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी विद्यालयों का औचक निरीक्षण करते रहें, लापरवाही पाए जाने पर संबंधित के विरुद्ध कार्यवाही करें।

# जूनियर वर्ग कब्बडी प्रतियोगिता के फाइनल मैच में दुधारा ने मगहर को हराया



वेलकम इंडिया

**संतकबीरनगर।** माध्यमिक विद्यालयों की तहसील स्तरीय कब्बड्डी प्रतियोगिता का आयोजन सरदार पटेल इंटर कालेज भदाह में सम्पन्न हुआ।तहसील स्तरीय जूनियर वर्ग के कबड्डी प्रतियोगिता में दुधारा विद्यालय के छात्रों का दबदबा रहा। फाइनल मैच ए. एच. एग्री इंटर कॉलेज दुधारा ने संत रामविलास इंटर कॉलेज मगहर को भारी से हराया। मुकाबले में दुधारा इंटर कॉलेज के खिलाड़ियों ने मगहर इंटर कॉलेज के खिलाड़ियों को 18-14 अंकों के भारी अंतराल से हराया। विजेता प्रतिभागियों को आज दुधारा विद्यालय की प्रार्थना सभा में प्रधानाचार्य संजय द्विवेदी द्वारा सम्मानित किया गया। टीम मैनेजर कमरे आलम सिद्दीकी के अनुसार जूनियर वर्ग का सेमी फाइनल मैच नेशनल इंटर कॉलेज मुड़ाडीहा बेग व ए. एग्री. इंटर कॉलेज दुधारा के बीच संपन्न हुआ। सेमी फाइनल मैच में दुधारा ने मुड़ाडीहा वेग को को 18-06 अंको के भारी अंतर से हराया। दुधारा इंटर कॉलेज की छात्रों ने बेहतर खेल कौशल का प्रदर्शन किया। दुधारा विद्यालय की तरफ से कप्तान तौफीक, मोहम्मद रेहान, मोहम्मद शमीम, मसूउद आलम, हाशिम, मोहम्मद यूनुस, जीशान अहमद व अबू जैद ने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन किया। प्रतियोगी के खिलाड़ियों को पूर्व विधायक जय चौबे ने मैडल व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। प्रतियोगिता के दौरान जोखू प्रसाद, महेंद्र यादव, सुधीर कुमार, सेराज अहमद, विवेकानंद यादव, विनोद कुमार चौरसिया ने मैच रेफरी की भूमिका का निर्वहन किया। इस दौरान प्रधानाचार्य संजय द्विवेदी, मुहम्मद इस्तियाक, फसीयुद्दीन, कमरे आलम सिद्दीकी, अब्दुल सलाम, मुहम्मद शाहिद, जुबैर अहमद, मुहम्मद युनुस, औबेदुल्लाह, मुहम्मद परवेज अख्तर, ओजैर अहमद, सबीह अहमद, असादुल्लाह, जुनैद अहमद, अखिलेश कुमारी, रफी अहमद, आरिफ अली सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

# महाराजा अग्रसेन के जन्मोत्सव के उपलक्ष में भव्य कार्यक्रम का आयोजन




वेलकम इंडिया

**मोदीनगर (अनिल वशिष्ठ)।** अंतरराष्ट्रीय वैश्य संगठन मोदीनगर के तत्वाधान में महाराजा अग्रसेन के जन्मोत्सव का आयोजन संस्था के अध्यक्ष सतेंद्र गुप्ता द्वारा किया गया मनाया गय जिसमें सर्वप्रथम महाराज अग्रसेन जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर भंडारे का आयोजन महाराजा अग्रसेन पार्क गोविंदपुरी में किया गया किया। भंडारे में शहर विधायक मंजू शिवाच पूर्व विधायक सुदेश शर्मा प्रसाद वितरण में शामिल हुए। महोत्सव सम्मेलन में शामिल संस्था के संस्थापक विनय अग्रवाल अनिल अग्रवाल पूर्व सांसद डॉ पूनम गर्ग रामकिशोर अग्रवाल डॉ पवन सिंघल सतीश अग्रवाल शुशील जैन व्यापार मंडल के अध्यक्ष महेश तायल पीयूष गुप्ता सभी अतिथियों को सम्मान चिन्ह मोदीनगर संस्था के अध्यक्ष सतेंद्र गुप्ता जी कोषाध्यक्ष राजेश गुप्ता उपाध्यक्ष चेतन महेश्वरी उनकी टीम द्वारा दिए।भाजपा शहर के मंडल अध्यक्ष आकाश शर्मा महामंत्री अमितेज जैन अनिल सैन उपाध्यक्ष निशा जयशवाल दीपक कर्दम राकेश कर्दम सुभाष मलिक दीपांशु मलिक कुसुम निगम सागर गुप्ता नवीन जयशवाल सौरब शर्मा आदि उपस्थित रहे।

# आरकेजीआईटी, गाज़ियाबाद में इंटरनल स्मार्ट इंडिया हैकाथॉन (एसआईएच) 2025 का सफल आयोजन

वेलकम इंडिया



**गाज़ियाबाद(अनिल वशिष्ठ)।** राज कुमार गोयल प्रौद्योगिकी संस्थान (आरकेजीआईटी), गाज़ियाबाद में इंटरनल स्मार्ट इंडिया हैकाथॉन (एसआईएच) 2025 का सफल आयोजन उत्साह और ऊर्जा के साथ संपन्न हुआ। इस प्रतियोगिता में 126 टीमों के 750 से अधिक छात्रों ने भाग लिया। यह आयोजन राष्ट्रीय एसआईएच 2025 के विषयों से जुड़ा हुआ था और छात्रों के लिए नवाचार, समस्या-समाधान एवं अंतःविषय सहयोग को प्रोत्साहित करने का सशक्त मंच बना। कार्यक्रम के शुभारंभ पर निदेशक प्रो. (डॉ.) बी.सी. शर्मा ने कहा कि हैकाथॉन छात्रों को वास्तविक समस्याओं के समाधान हेतु अपने रचनात्मक विचार प्रस्तुत करने का अवसर प्रदान करता है। उन्होंने विद्यार्थियों को नवीन सोच अपनाने और अपने ज्ञान को व्यावहारिक समाधान में बदलने के लिए प्रेरित किया। डीन अकादमिक डॉ. आर.के. यादव, डीन प्रत्यायन डॉ. रामेंद्र सिंह, डीन ईआईआई डॉ. पुनीत श्रीवास्तव एवं डीन छात्र कल्याण एच.जी. गर्ग ने भी छात्रों का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें नवाचार की दिशा में आगे बढ़ने का संदेश दिया। एसपीओसी-एसआईएच डॉ. पवन गोयल ने बताया कि कठोर मूल्यांकन प्रक्रिया के बाद 50 टीमों का चयन किया गया है, जो राष्ट्रीय स्तर पर संस्थान का प्रतिनिधित्व करेंगी। निर्णायक मंडल और संरक्षकों ने प्रतिभागियों को उनके विचारों को व्यवहारिक, उपयोगी और मापनीय बनाने की दिशा में मार्गदर्शन दिया। इस अवसर पर वाइस चेयरमैन श्री अक्षत गोयल, ग्रुप एडवाइजर प्रो. (डॉ.) लक्ष्मण प्रसाद, एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर प्रो. (डॉ.) डी.के. चौहान तथा निदेशक प्रो. (डॉ.) बी.सी. शर्मा ने आयोजन की सफलता पर विभागाध्यक्षों, संकाय समन्वयकों और आईआईसी-आरकेजीआईटी टीम को बधाई दी।

# डॉ. के एन मोदी इंजीनियरिंग और प्रौद्योगिकी संस्थान के विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर किया रक्तदान



वेलकम इंडिया

**मोदीनगर(अनिल वशिष्ठ)** डॉ. के एन मोदी इंजीनियरिंग और प्रौद्योगिकी संस्थान, मोदीनगर ने एमएमजी जिला अस्पताल के सहयोग से अपना 83वां रक्तदान शिविर सफलतापूर्वक आयोजित किया। इस शिविर का उद्घाटन फाउंडेशन के अध्यक्ष प्रोफेसर डॉ. डी के मोदी ने गरिमामय उपस्थिति में किया। इस रक्तदान शिविर में फाउंडेशन के 100 से अधिक बच्चों ने उत्साहपूर्वक रक्तदान किया और रक्तदान के बाद उन्हें रिफ्रेशमेंट प्रदान किया गया।

फाउंडेशन के अध्यक्ष प्रोफेसर डॉक्टर डी के मोदी ने अपने संबोधन के जरिए सभी को रक्तदान करने के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि आपातकाल की स्थिति में रक्त की कमी से जिंदगी और मौत के बीच झूल रहे मरीज को हमारे द्वारा दान किए गए रक्त देकर उसके जीवन को बचाया जा सकता है। इसलिए प्रत्येक व्यक्ति को रक्तदान आवश्यक करना चाहिए। एमएमडी जिला अस्पताल के रक्त प्रभारी डॉ. अंशुल चौधरी ने संस्थान की रक्तदान शिविर आयोजित करने की निरंतर प्रयासों के लिए आभार व्यक्त किया। इस कार्यक्रम में संस्थान के सभी विभागाध्यक्षों और समन्वयकों ने सक्रिय भागीदारी दिखाई। उल्लेखनीय है कि डॉ. के एन मोदी इंजीनियरिंग और प्रौद्योगिकी संस्थान इस तरह की पहलों के माध्यम से सामाजिक जिम्मेदारी के प्रति अपनी प्रतिबद्धता बनाए रखता है। संस्थान रक्तदान के माध्यम से जीवन बचाने के महान उद्देश्य में महत्वपूर्ण योगदान देने का प्रयास करता है। इस समारोह में कई प्रतिष्ठित अतिथियों ने भाग लिया, जिनमें फाउंडेशन के रजिस्ट्रार, श्री यू एन मिश्रा, डॉ. के एन मोदी विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर डॉ. पी एन रिशिकेश, श्रीमती रीता बख्शी, डॉ. के एन मोदी फाउंडेशन के कार्यकारी निदेशक प्रोफेसर डॉ. दीपांकर शर्मा, डॉ. के एन मोदी इंजीनियरिंग और प्रौद्योगिकी संस्थान के निदेशक प्रोफेसर डॉ. शिशिर रस्तोगी, डॉ. के एन मोदी ग्लोबल स्कूल की प्रिंसिपल; डॉ. पूजा शर्मा, प्रेरणा वर्मा, सपना खुराना आदि शामिल थे।

# शासन - प्रशासन ने रोपे दर्जनों पेड़

निर्मल सैनी वेलकम इंडिया



**लखनऊ।** माल क्षेत्र के थरी ग्राम पंचायत में ₹सेवा पर्व₹ के तहत चुकरसिया प्रजाति के पचास पौधे आयरन ट्री गार्ड के साथ कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख प्रति. रामकुमार राही व विशिष्ट अतिथि क्षेत्रीय वनाधिकारी मलिहाबाद आलोक तिवारी ने रोपे।

आपको बता दें कि,प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन 17 सितंबर से राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती दो अक्टूबर तक सेवा पर्व मनाया जाएगा।इस दौरान पौधे लगाए जाएंगे।

ग्राम पंचायत थरी में सेवा पर्व के अवसर पर ब्लॉक प्रमुख प्रति. रामकुमार राही व क्षेत्रीय वनाधिकारी मलिहाबाद आलोक कुमार तिवारी ने मंगलवार को पौधरोपण किया। क्षेत्रीय वनाधिकारी आलोक कुमार तिवारी ने कहा सेवा पर्व के अवसर 17 सितंबर से 02 अक्तूबर तक एक पेड़ मां के नाम के तहत क्षेत्रों में पौधे लगाये जायेंगे। इस पहल का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देना एवं लोगों को फलदार वृक्ष लगाने के लिए प्रेरित करना है।आलोक कुमार तिवारी ने सभी नागरिकों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में पौधे लेकर उन्हें अपने घर, खेत या आस-पास के स्थानों पर लगाएं और पर्यावरण को संरक्षित करने में अपना योगदान दें।इस मौके पर वन दरोगा शंकर सिंह,जयराम आर्या,ताहिर, वन रक्षक दिलीप सिंह चौहान, वन जयराम यादव मौजूद रहें।

# निर्वाण फाउंडेशन के साथ मिलकर ग्रामीणों ने भ्रष्टाचार के खिलाफ उठाई आवाज, सहयोग पत्र सौंपा

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर(अनिल वशिष्ठ)।** विकासखंड मुरादनगर के ग्राम अबूपुर में व्याप्त नालियों के गंदे पानी और जलभराव की समस्या पर प्रशासन और संबंधित विभागों की लापरवाही को लेकर ग्रामीणों का आक्रोश चरम पर पहुँच गया है।

पीड़ित ग्रामीणों ने बताया कि निर्वाण फाउंडेशन के नेतृत्व में 8 महीने पूर्व 14 दिन का अनिश्चितकालीन धरना आयोजित हुआ था। इस धरने के दबाव में प्रशासन ने 12/02/25 की रात को लगभग 15,00,000 (पंद्रह लाख रुपये) का टेंडर सार्वजनिक कर जल्द कार्य पूर्ण करने का आश्वासन दिया। परंतु, 18/08/25 को पुलिया निर्माण का कार्य मात्र 2 दिन चलाकर रोक दिया गया। ग्रामीणों का आरोप है कि यह सब केवल औपचारिकता निभाने और सरकारी धन का दुरुपयोग कर भ्रष्टाचार छुपाने का प्रयास है।आज ग्रामवासियों ने निर्वाण फाउंडेशन के जिला गाज़ियाबाद अध्यक्ष नितेश यादव को गाँव बुलाकर अपना सहयोग पत्र सौंपा। उन्होंने कहा कि अब गाँव की जनता प्रशासन की और अधिक ढिलाई सहन नहीं करेगी और निर्वाण फाउंडेशन के साथ कंधे से कंधा मिलाकर इस लड़ाई को लड़ेगी।ग्रामीणों ने प्रशासन को स्पष्ट चेतावनी दी है कि यदि 27 सितंबर/09/25 तक नाली निर्माण कार्य प्रारम्भ नहीं किया गया, तो 28 सितंबर/09/25 से पीड़ा स्थल पर पुनः धरना प्रारम्भ किया जाएगा, जिसकी पूर्ण जिम्मेदारी संबंधित विभागों और प्रशासन की होगी।इस अवसर पर ईश्वर चंद्र, संस्थापक झ निर्वाण फाउंडेशन ने कहाः ऐतिहासिक लड़ाई अब केवल अबूपुर ही नहीं, बल्कि समूचे क्षेत्र के लिए स्वच्छता, स्वास्थ्य और अधिकारों की लड़ाई बन चुकी है।

# महाराजा अग्रसेन की जयंती के अवसर पर किया भण्डारे का आयोजन



वेलकम इंडिया

**मोदीनगर (अनिल वशिष्ठ)।** दिल्ली मेरठ हाईवे स्थित छतरी वाला मंदिर में महाराजा अग्रसेन की जयंती के अवसर पर महाराजा अग्रसेन परिवार,मोदीनगर द्वारा विशाल भण्डारें का आयोजन किया गया। जिसमें क्षेत्र के सम्भ्रांत लोगों ने हिस्सा लेते हुए लोगों को प्रसाद वितरित किया और अग्र बन्धुओं को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।कार्यक्रम का शुभआरम्भ महाराजा अग्रसेन की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित करते हुए दीप प्रज्जवलित कर किया गया। जिसके बाद कार्यक्रम में मौजूद रहे लोगों ने अपने हाथों से सैकड़ों लोगों को प्रसाद वितरित किया। कार्यक्रम का सोजन्य महाराजा अग्रसेन परिवार के संजय गुप्ता, सुशील बिन्दल, प्रमोद सिंघल, राजकुमार गुप्ता एडवोकेट, राजू तायल, पियुष गुप्ता, अजय मितत्तल, रोहित अग्रवाल, पवन गुप्ता, अरविन्द अग्रवाल, प्रवीण मित्तल व नितिन जिंदल के सहयोग से सम्पन्न कराया गया। जिसमें मुख्य रूप से क्षेत्रीय विधायक डॉक्टर मंजू शिवाच, पूर्व जिला अध्यक्ष दिनेश सिंघल, ब्लॉक प्रमुख सुचेता सिंह, मोदीनगर मण्डल अध्यक्ष आकाश शर्मा, अमित चौधरी, गन्ना समिति के चेयरमेन राजन चौधरी, पूर्व चेयरमेन अशोक माहेश्वरी, डॉ पवन सिंघल, अरविन्द अग्रवाल, भूपेन्द्र अग्रवाल,अशोक गुप्ता, प्रिंस कंसल, आशीष विश्नोई एडवोकेट,महेश तायल,राजकुमार तायल,निशा जायसवाल,प्रदीप कंसल,प्रमोद गर्ग बिल्लू,हेमन्त गुप्ता,,अजय गुप्ता,ललित मित्तल,मूलचन्द गर्ग,अशोक गुप्ता,रामआसरे शर्मा,डॉ मुकेश गर्ग,रामेश्वर दयाल गुप्ता,निशा जायसवाल,अनिल सेन,प्रदीप बॉस,पवन अग्रवाल,काफी संख्या में सभासदगण आदि सैकड़ों अग्र बन्धु उपस्थित रहे।

# मिशन शक्ति अभियान के तहत छात्रा बनीं एक दिन की प्रधानाध्यापिका

वेलकम इंडिया

**टाण्डा।** क्षेत्र के उच्च प्राथमिक विद्यालय गूजरवाला में मंगलवार को मिशन शक्ति अभियान के तहत कक्षा 8 की छात्रा मानसी गौतम को एक दिन के लिए स्कूल की प्रधानाध्यापिका बनाया गया।छात्रा ने पूरे उत्साह के साथ इस भूमिका का निर्वहन किया। विद्यालय के प्रधानाध्यापक सादिक अली ने स्कूल स्टाफ की मौजूदगी में मानसी को औपचारिक रूप से एक दिन की जिम्मेदारी सौंपी। मानसी ने पूरे उत्साह के साथ यह भूमिका निभाई। बतौर प्रधानाध्यापिका,उसने स्कूल की साफ-सफाई, मिड-डे मील की गुणवत्ता, शिक्षकों और छात्रों की उपस्थिति जैसे अभिलेखों का मुआयना किया। इसके अलावा उसने हर कक्षा में समय-सारिणी का पालन और भोजन व्यवस्था का जायजा लिया। मानसी ने इस अनुभव पर खुशी जताते हुए कहा कि एक दिन के लिए प्रधानाध्यापिका बनना मेरे लिए किसी सपने से कम नहीं।उसने बताया कि वह पढ़-लिखकर शिक्षिका बनना चाहती है। गौरतलब है कि मिशन शक्ति अभियान के तहत यह आयोजन शासन के निर्देश पर किया गया, जिसका उद्देश्य महिलाओं और बालिकाओं के सम्मान, स्वावलंबन और नेतृत्व क्षमता को बढ़ावा देना है। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक यशपाल सिंह,फहीम अख्तर,उमर फारूक और संजय कुमार आदि मौजूद रहे।



# जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार माँदड़ ने की जनसुनवाई



वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** कलेक्ट्रेट कार्यालय में जिलाधिकारी श्री रविन्द्र कुमार माँदड़ द्वारा प्रेत्यक कार्यदिवस की तरह जनसुनवाई की गई। जनसुनवाई में प्रार्थियों की संख्या में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। जन सुनवाई के दौरान नगर निगम, पुलिस विभाग, जीडीए, विद्युत विभाग, स्वास्थ्य विभाग, राजस्व विभाग, यूपीसीड़ा सहित अन्य विभागों से सम्बंधित प्रार्थना/शिकायती पत्र प्राप्त हुए। जिलाधिकारी महोदय द्वारा सभी प्रार्थियों की बातों को ध्यानपूर्वक सुना व समझा गया व गुणवत्तापूर्ण समाधान हेतु सम्बंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया। जनसुनवाई के दौरान सिटी मजिस्ट्रेट डॉ.सन्तोष कुमार उपाध्याय, एसडीएम लोनी श्री दीपक सिंघनवाल आईएएस, आईएएस श्री अयान जैन, एसीएम श्री राजेन्द्र कुमार उपस्थित रहे।

# जीएसटी सुधारों से व्यापारियों को मिला राहत का रास्ताः सांसद अतुल गर्ग





वेलकम इंडिया

**गाज़ियाबाद।** भाजपा महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल के नेतृत्व एवं अभियान संयोजक राजेश त्यागी की अगुवाई तथा नेहरू नगर मंडल अध्यक्ष वरुण नागर के सहयोग से सांसद अतुल गर्ग ने मंगलवार को किराना मंडी रामनगर में व्यापारियों से मुलाकात की और जीएसटी सुधारों पर चर्चा की। सांसद अतुल गर्ग ने कहा कि जीएसटी सुधारों से छोटे एवं मध्यम व्यापारियों को बड़ी राहत मिली है। अब टैक्स प्रणाली सरल और पारदर्शी बनी है, जिससे व्यापारी निश्चिंत होकर व्यापार कर पा रहे हैं। महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल ने कहा कि भाजपा सरकार सदैव व्यापारियों और उपभोक्ताओं के हितों को ध्यान में रखकर फैसले लेती है। जीएसटी सुधारों से व्यापार सुगम हुआ है और उपभोक्ताओं को भी सीधा लाभ मिल रहा है। किराना मंडी अध्यक्ष संजय गर्ग ने कहा कि मोदी सरकार ने जीएसटी दरों में कमी कर व्यापारियों को राहत दी है। यह कदम व्यापार और अर्थव्यवस्था दोनों को मजबूत करेगा। इस अवसर पर व्यापारियों ने ह्लघटी जीएसटी झ्र बढ़ा व्यापार, धन्यवाद मोदी सरकारह्व जैसे नारे लगाए। सांसद अतुल गर्ग ने व्यापारियों को पुष्प भेंट कर नवरात्र एवं दीपावली की शुभकामनाएँ दीं। इस दौरान सांसद अतुल गर्ग, महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल, संयोजक राजेश त्यागी, पार्षद नीरज गोयल, मंडल अध्यक्ष वरुण नागर, किराना मंडी अध्यक्ष संजय गर्ग, राजेंद्र मित्तल (मेहदी वाले), देवेंद्र हितकारी, अनुज मित्तल, राम त्यागी, सुधीर त्यागी सहित अन्य व्यापारीगण एवं भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# दो दिवसीय शिविर का आयोजन हुआ



वेलकम इंडिया

**मुरादाबाद।** नागरिक सुरक्षा कार्यालय मुरादाबाद में आज आगामी शारदीय नवरात्री के अवसर पर दर्शनार्थियों की भारी भीड़ को देखते हुए अष्टमी एवं नवमीं पर दो दिवसीय विशेष शिविर दिनांक 30 सितम्बर एवं 1 अक्टूबर 2025 को लालबाग स्थित सिद्धपीठ माता काली मंदिर लगाया जायेगा। जिसमें खोए पाये बच्चों को उनके माता पिता एवं गार्जियन से मिलवाने और स्वच्छ पानी की व्यवस्था की जायेगी। उपनियंत्रक श्री नीरज चक ने कहा कि सभी कोतवाली प्रखंड के वार्डन अपनी अपनी जिम्मेदारी से सहयोग करेंगे। इस अवसर पर सहायक उपनियंत्रक सतीश कुमार, प्रभारी डिविजनल वार्डन अशोक गुप्ता, स्टाफ अधिकारी वसीम अंसारी, राजेश गुप्ता, आई सी ओ सुभाष जैन, अंकुश भटनागर, आकाश अग्रवाल, आशीष त्रिवेदी, संदीप जैन, लक्ष्मण सिंह, अरशद अली, आकाश गुप्ता आदि मौजूद रहे।

# आज अंनपूर्णा होटल गाजियाबाद मे राष्ट्रीय लोकदल महानगर कमेटी की समीक्षा बैठक आयोजित की गई

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** बैठक के प्रभारी छेत्रीय उपाध्यक्ष श्री मुकेश प्रमुख छेत्रीय महासचिव श्री अनिल आर्य छेत्रीय सचिव श्री धर्मेंद्र काठा जी ने कमेटी की समीक्षा की।

महानगर अध्यक्ष डा रेखा चौधरी ने प्रभारियों का बुके देकर स्वागत किया। काफी संख्या में नए लोगों ने पार्टी की विचारधारा में आस्था व्यक्त करते हुए पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। और पार्टी की नीतियों का प्रचार प्रसार करने और जन जन तक पहुँचने का संकल्प किया। इस मोके पर राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अल्पसंख्यक इंद्रजीत सिंह टीटू प्रदेश महासचिव रविन्द्र चौहान कार्यकारिणी सदस्य भूपेंद्र डबास विशाल सिरोही युवा महानगर अध्यक्ष तुषार कौशिक



महानगर अध्यक्ष खेल प्रकोष्ठ संजीव अरोड़ा हिंडन पार अध्यक्ष सुधीर तोमर रामकुमार पंवार सत्यवीर सिंह प्रदीप त्यागी विशाल सिरोही दिनेश शर्मा किशन राघव संजय बैंसला दीपमाला चौधरी दीपा सिरोही प्रभा वर्मा सुमन दुबे श्वेता सिंह सुमन अग्रवाल तरुण चौधरी भूपेन्द्र बॉबी राजेंद्र चंदेला गुड्डू मुखिया नवाब बाल्मीकि राजीव तालान इस्माइल बेग शेर सिंह मौर्य देशपाल सिंह अमित चौधरी आदि उपस्थित रहे। पार्टी के सदस्यता ग्रहण करने वालीं में अंकित परचा कपिल कसाना प्रेम शंकर यादव शिव कुमार राहुल सैन फू सिंह राठी दीपक पारचा पंकज पांचाल मनीष धींगन अंकित सैन शुभम सैन अमन पारचा ओमपाल सिंह आदि उपस्थित रहे।




# रामलीला समिति विवाद सुलझा, डिप्टी रजिस्ट्रार ने गठित की 6 सदस्यीय संयोजक समिति



वेलकम इंडिया

**गाज़ियाबाद।** संजय नगर स्थित श्री आदर्श धार्मिक रामलीला समिति (पंजीकृत) में लंबे समय से चल रहे विवाद का अंत हो गया है। निवर्तमान अध्यक्ष वीरेंद्र बाबू वर्मा की आपत्ति पर डिप्टी रजिस्ट्रार फर्म्स, सोसाइटीज एवं चिट्स, गाज़ियाबाद ने सोमवार को अपना अंतिम आदेश जारी करते हुए पूर्व में पारित सभी पत्रों व निदेर्शों को निरस्त कर दिया। नए आदेश के अनुसार, समिति में किसी अध्यक्ष की नियुक्ति नहीं की गई है। इसके स्थान पर छह सदस्यीय संयोजक समिति गठित की गई है, जो समान अधिकारों के साथ आपसी सौहार्द और सहयोग से आगामी रामलीला का संचालन करेगी। संयोजक समिति में प्रदीप चौधरी, कपिल वशिष्ठ, मोनू त्यागी, उमेश पप्पू नागर, अनुज राघव और हरेंद्र यादव शामिल किए गए हैं। आदेश में स्पष्ट किया गया है कि धार्मिक आयोजन निर्विघ्न एवं भव्य रूप से सम्पन्न हो, इसके लिए समिति फिलहाल पूरी जिम्मेदारी उठाएगी। ज्ञात हो कि एक वर्ग द्वारा आनन फानन में घोषित अध्यक्ष पर विवाद और बार-बार बदलते आदेशों के चलते मामला लम्बे समय तक उलझा रहा। जनप्रतिनिधियों (सांसद अतुल गर्ग एवं विधायक अजीत पाल त्यागी, विधायक संजीव शर्मा) आदि की मध्यस्ता के उपरांत उमेश पप्पू नागर द्वारा अध्यक्ष पद से इस्तीफा कराते हुए समाधान निकाला गया। उमेश पप्पू नागर के इस कदम की दोनों पक्षों ने सराहना की और एक मंच पर आकर संपूर्ण रामलीला के भव्य आयोजन का आश्वासन दिया। वरिष्ठ संरक्षक मंडल एवं पूर्व अध्यक्ष वीरेंद्र बाबू वर्मा ने सुझाव दिया कि भविष्य में समिति को रजिस्ट्रार के आदेशानुसार चुनाव अधिकारी की देखरेख में विधिवत चुनाव कराना चाहिए, ताकि विवाद की परिपाटी समाप्त हो और संगठन सौहार्द एवं समरसता के साथ आगे बढ़ सके। उन्होंने यह भी कहा कि विभाग को आगामी सत्र से पहले समयबद्ध चुनाव संपन्न कराने में किसी प्रकार की लापरवाही नहीं बरतनी चाहिए।



# धूमधाम से बारात लेकर श्री राम पहुंचे राजा जनक के द्वार

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** राजनगर में श्री रामलीला समिति की ओर से धूमधाम से श्री राम की भव्य बारात निकाली गई। रामलीला मैदान में श्री गणेश पूजन के बाद बारात आरम्भ की गई। रामलीला मैदान से निकल कर राजनगर के विभिन्न सेक्टरों से होती हुई सेक्टर 10 के बाजार में होकर वापस रामलीला मैदान पहुॅची। इस शोभा यात्रा में कई तरह की झांकियां भी मौजूद रहीं। शोभा यात्रा में शहनाई, बैन्ड बाजों के साथ लाइटिंग की भी बेहतर व्यवस्था रही। इस शोभा का कई स्थानों पर पूरे भक्तिभाव से स्वागत किया गया। कई स्थानों पर राजनगर के निवासियों ने भगवान श्री राम की आरती उतार कर प्रसाद का वितरण भी किया। इस बारात में श्री राम अपने गुरु विश्वामित्र, पिता राजा दशरथ एवं चारों भाइयों के साथ अलग-अलग रथ पर सवार थे। इसके अलावा अन्य कई झांकियां भी मौजूद थीं। बारात में 7 बैन्ड, 10ढोल वाले, नफीरी के साथ 14 अन्य झांकियों में काली, शिव अघोरी, नाचते हनुमान झांकी प्रयागराज, झांकी ऑपरेशन सिंदूर, झांकी राम धनुष, झांकी उपकार, दस छतरी लाइट शामिल रहीं। शहनाई की गूंज और ईश्वर की स्तुति करते बैंड बाजे जिधर से भी गुजरे, सभी के सिर श्रद्धा और भक्ति से स्वतः



झुक गए। रामलीला मैदान से निकल यह बारात सेक्टर पांच में पहुंची, जहां समिति के पदाधिकारी जयकुमार गुप्ता के निवास पर बारात का स्वागत एवं पूजन किया गया। इसके बाद यह बारात हिंट चौराहे होते हुए सेक्टर 1 पहुंची जहां अशोक शर्मा एवं राजेश सिंहल के यहां स्वागत हो कर आगे सेक्टर 2 में समिति के प्रथम अध्यक्ष स्व. सलेख चंद वशिष्ठ के यहां, शरद गुप्ता एवं आनन्द प्रकाश के यहां स्वागत होकर स्वर्ण मित्तल फ-2/70 पर आरती करते हुए बाहर मेन रोड पर हर वर्ष की तरह श्री जयकमल अग्रवाल के निवास पर बारात का स्वागत किया गया। स्वागत के इस क्रम में आगे बढ़ाते हुए सेक्टर 4 में दीपक सिंहल के यहां आरती की गई, सेक्टर 6 में मुख्य मेला प्रबन्धक एस.एन. अग्रवाल के यहां एवं सेक्टर 6/24 में नवीन गुप्ता के यहां स्वागत होकर, सेक्टर 8 में वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुभाष शर्मा ने बारात का स्वागत किया। इसके बाद वरदान तिराहे होते हुए बारात सीधे सेक्टर 10 के चौराहे पर बनाई गई जनक पुरी में पहुंचीं। यहां जनक पुरी में राजा जनक के रूप में मुकेश मित्तल एवं उनकी पत्नी प्रीति मित्तल ने रानी सुनैना के रूप में द्वाराचार की रस्म पूरी की तथा बारात का स्वागत किया। बड़ी सी स्टेज पर जयमाला का भव्य कार्यक्रम हुआ। चौपाइयां एवं गीत गाएं जा रहे थे। जयमाल के पश्चात यहां से मां सीता की विदाई बहुत भावुक माहौल में की गई। इस मौके पर समिति के संस्थापक एवं संरक्षक जितेन्द्र यादव तथा नरेश सिंघल, महामंत्री दीपक मित्तल, कोषाध्यक्ष आर के शर्मा, मेला प्रबंधक एस एन अग्रवाल, स्वागताध्यक्ष योगेश गोयल, राजीव मोहन गुप्ता, आर एन पाण्डेय, ब्रजमोहन सिंघल, सुभाष शर्मा, आलोक मित्तल, दीपक मित्तल, अमरीश त्यागी, राजीव त्यागी, जी.पी. अग्रवाल, सुन्दर लाल यादव, मुकेश मित्तल, विनोद गोयल, राजीव गुप्ता, प्रचार मंत्री सौरभ गर्ग, दिनेश शर्मा, मोतीलाल गर्ग, अनिल कुमार क्वालिटी स्टील वाले, मनीष वशिष्ठ, मदन लाल हरित, डीके गोयल, दीपक सिंघल, गोल्डी सहगल, ओमप्रकाश पोपली भोला, विजय लुम्बा, पंकज भारद्वाज, जेपी राणा, श्रीमती उषा गुप्ता, श्रीमती मंजू त्यागी, रेखा अग्रवाल सहित राजनगर के कई गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

# रूसी निवेशकों का प्रतिनिधिमंडल पहुंचा ग्रेटर नोएडा

इंद्रेश शर्मा, गौतमबुधनगर

- ग्रेटर नोएडा के इंफ्रास्ट्रक्चर को देखा, निवेश की जताई इच्छा
- आईआईटीजीएनएल की इंटीग्रेटेड इंडस्ट्रियल टाउनशिप को देखा
- एसीईओ सौम्य श्रीवास्तव व एसीईओ प्रेरणा सिंह के साथ की बैठक।

**ग्रेटर नोएडा।** रूस के अलग-अलग कंपनियों के लगभग 30 सदस्यों का प्रतिनिधिमंडल मंगलवार को ग्रेटर नोएडा पहुंचा। ग्रेटर नोएडा के इंफ्रास्ट्रक्चर को देखा। आईआईटीजीएनएल की इंटीग्रेटेड इंडस्ट्रियल टाउनशिप का भ्रमण किया। यहां के इंफ्रास्ट्रक्चर को सराहा। प्राधिकरण के एसीईओ सौम्य श्रीवास्तव और एसीईओ प्रेरणा सिंह के साथ बैठक की। प्राधिकरण और आईआईटीजीएनएल के इंफ्रास्ट्रक्चर पर प्रस्तुतिकरण को देखा। प्रतिनिधिमंडल को इंटीग्रेटेड इंडस्ट्रियल टाउनशिप, मल्टी मॉडल लाजिस्टिक हब (एमएमएलएच) और मल्टी मॉडल ट्रांसपोर्ट हब (एमएमटीएच) के बारे में जानकारी दी गई। प्राधिकरण के एसीईओ सौम्य श्रीवास्तव ने प्रतिनिधिमंडल को बताया कि इंटीग्रेटेड इंडस्ट्रियल टाउनशिप देश की सबसे स्मार्ट टाउनशिप में से एक है। यह प्लग एंड प्ले सिस्टम पर बसाई गई है। उद्योग लगाने के इच्छुक निवेशकों को बहुत ही कम समय में भूखंड आवंटित किया जाएगा। उद्योग लगाने के लिए सभी आवश्यक सुविधाएं विकसित कर दी गई हैं। भूखंड आवंटित होते ही उद्यमी उद्योग लगा सकते हैं। राष्ट्रीय राजधानी के करीब होने के साथ ही यह टाउनशिप रोड, रेल व एयर कनेक्टीविटी के मामले में अन्य शहरों बहुत बेहतर है। एसीईओ प्रेरणा सिंह ने बताया कि एमएमएलएच और एमएमटीएच प्रोजेक्ट को शीघ्र लाने के प्रयास किए जा रहे हैं। इसके बाद प्रतिनिधिमंडल ने इंटीग्रेटेड इंडस्ट्रियल टाउनशिप का दौरा भी किया। आईआईटीजीएनएल की प्रीति शर्मा और महावीर सजवान ने प्लग एंड प्ले सिस्टम, ऑटोमेटेड वेस्ट प्रोसेसिंग प्लांट, विद्युत सबस्टेशन आदि सुविधाओं का जायजा लिया। प्रतिनिधिमंडल ने हायर कंपनी का निरीक्षण किया। प्रतिनिधिमंडल ने ग्रेटर नोएडा में निवेश की इच्छा जताई।

